वर्ष 24, अंक 189, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज शनिवार 17 जनवरी 2025 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट




# फडणवीस की 'महाविजय', मुंबई से पुणे तक भगवा

## महाराष्ट्र में फिर चला मोदी मैजिक- देवेंद्र फडणवीस



**महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को महाराष्ट्र नगर निगम चुनावों में भाजपा की जीत की सराहना करते हुए कहा कि पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक बार फिर इतिहास रच दिया है। प्रधानमंत्री मोदी के अलावा, फडणवीस ने जीत का श्रेय केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन और सभी पार्टी कार्यकताओं को दिया।

फडणवीस ने पर लिखा कि 2025-26 के नगर निगम चुनाव में भाजपा ने एक बार फिर इतिहास रच दिया! माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और माननीय केंद्रीय मंत्री जे. पी. नड्डा जी, माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमितभाई शाह, भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन जी के मार्गदर्शन और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विधायक रविंद्र चव्हाण तथा सभी पार्टी कार्यकताओं के अथक प्रयासों से भाजपा ने राज्य में एक बार फिर ऐतिहासिक जीत हासिल की है।

फडणवीस के अनुसार, यह जीत प्रगति और विकास सुनिश्चित करने के भाजपा के दृष्टिकोण में जनता के विश्वास को दशार्ती है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने गुरुवार को भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन को समर्थन देने के लिए मतदाताओं का आभार व्यक्त किया और कहा कि जनता ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उनके द्वारा किए गए कार्यों को स्वीकार किया है। शिंदे ने कहा कि जनादेश भ्रष्टाचार पर विकास की स्पष्ट प्राथमिकता को दशार्ता है और उन्होंने कहा कि अब मुंबई में एक "त्रि-इंजन सरकार" होगी जो शहर के विकास की दिशा में काम करेगी।

शुक्रवार सुबह मतगणना शुरू होने के बाद, भारतीय जनता पार्टी और शिवसेना के महायुति गठबंधन ने मुंबई, पुणे, ठाणे, नवी मुंबई और नागपुर सहित 29 नगर निगमों में से 24 में बढ़त हासिल कर ली है। बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) में रुझान के अनुसार भाजपा और शिवसेना का गठबंधन 227 वार्डों में से 116 में आगे चल रहा है। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना और राज ठाकरे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना, जिन्होंने गठबंधन के रूप में चुनाव लड़ा था, अधिकांश जिलों में पिछड़ रही हैं। रुझानों के अनुसार, महायुति गठबंधन ने बीएमसी में सत्ता हासिल करने के लिए आवश्यक 114 बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है।

## यह जनहित के एजेंडे को मिला समर्थन- पीएम मोदी



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र नगर निगम चुनावों में एनडीए की जीत का स्वागत करते हुए कहा कि यह गठबंधन और राज्य की जनता के बीच मजबूत जुड़ाव को दशार्ता है। एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि यह प्रगति को गति देने और राज्य की गौरवशाली संस्कृति का जश्न मनाने के लिए दिया गया वोट है। उन्होंने कहा कि मुझे हर एनडीए कार्यकर्ता पर गर्व है जिन्होंने महाराष्ट्र भर में जनता के बीच अथक परिश्रम किया। उन्होंने हमारे गठबंधन के कार्यों के बारे में बताया, आने वाले समय के लिए हमारे दृष्टिकोण को उजागर किया और विपक्ष के झूठ का प्रभावी ढंग से खंडन किया। मेरी शुभकामनाएं। गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर लिखा कि महाराष्ट्र के नगर निगम चुनावों में भाजपा-शिवसेना गठबंधन की प्रचंड जीत यह बताती है कि देश के कोने-कोने की जनता का विश्वास सिर्फ और सिर्फ पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली ठऊ्र की विकासनीति पर है। यह ऐतिहासिक सफलता, महायुति सरकार द्वारा प्रदेश में किए गए विकास और जनकल्याण के कार्यों पर जनता की मुहर है। इस अपार समर्थन के लिए महाराष्ट्र की जनता का हृदयपूर्वक आभार। उन्होंने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और भाजपा-शिवसेना के सभी कार्यकताओं को इस जीत की हार्दिक बधाई दी। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एक्स पर लिखा कि महाराष्ट्र के नगर निगम चुनावों में भारतीय जनता पार्टी एवं शिवसेना की प्रचण्ड विजय आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में डबल इंजन सरकार की विकासोन्मुखी नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं पर जनता की मुहर है। शुक्रवार को महाराष्ट्र के शहरी क्षेत्र के राजनीतिक परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिला। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन ने राज्य के प्रमुख नगर निगमों में शानदार जीत हासिल की। ??गुरुवार को हुए महत्वपूर्ण मतदान के बाद मतगणना से सत्तारूढ़ दल के पक्ष में शहरी क्षेत्रों में स्पष्ट जनादेश का पता चला। गठबंधन ने प्रतिष्ठित बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) में बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया, जिससे ठाकरे परिवार के दशकों के एकतरफा वर्चस्व का अंत हुआ और भारत के सबसे समृद्ध नागरिक निकाय के प्रशासन में एक ऐतिहासिक बदलाव आया।

भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति पार्टी ने 29 नगर निगम चुनावों में से 24 में बड़ी बढ़त हासिल की है। भाजपा गठबंधन में निर्विवाद रूप से "बड़े भाई" के रूप में उभरी और राज्य के द्वितीयक शहरी केंद्रों में अपनी जबरदस्त ताकत का प्रदर्शन किया। नागपुर में पार्टी ने अपना पारंपरिक गढ़ बरकरार रखा और 80 से अधिक वार्डों में बढ़त हासिल करते हुए कांग्रेस को काफी पीछे छोड़ दिया। पिंपरी-चिंचवाड़ और पुणे में भी इसी तरह के रुझान देखने को मिले, जहां अजीत पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी महायुति गठबंधन से अलग होकर अपने चाचा शरद पवार की राष्ट्रीय सेना (एसपी) के साथ चुनाव लड़ी थी।



**महाराष्ट्र**

**शुक्रवार** को महाराष्ट्र के शहरी क्षेत्र के राजनीतिक परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिला। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन ने राज्य के प्रमुख नगर निगमों में शानदार जीत हासिल की। गुरुवार को हुए महत्वपूर्ण मतदान के बाद मतगणना से सत्तारूढ़ दल के पक्ष में शहरी क्षेत्रों में स्पष्ट जनादेश का पता चला। गठबंधन ने प्रतिष्ठित बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) में बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया, जिससे ठाकरे परिवार के दशकों के एकतरफा वर्चस्व का अंत हुआ और भारत के सबसे समृद्ध नागरिक निकाय के प्रशासन में एक ऐतिहासिक बदलाव आया।

भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति पार्टी ने 29 नगर निगम चुनावों में से 24 में बड़ी बढ़त हासिल की है। भाजपा गठबंधन में निर्विवाद रूप से "बड़े भाई" के रूप में उभरी और राज्य के द्वितीयक शहरी केंद्रों में अपनी जबरदस्त ताकत का प्रदर्शन किया। नागपुर में पार्टी ने अपना पारंपरिक गढ़ बरकरार रखा और 80 से अधिक वार्डों में बढ़त हासिल करते हुए कांग्रेस को काफी पीछे छोड़ दिया। पिंपरी-चिंचवाड़ और पुणे में भी इसी तरह के रुझान देखने को मिले, जहां अजीत पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी महायुति गठबंधन से अलग होकर अपने चाचा शरद पवार की राष्ट्रीय सेना (एसपी) के साथ चुनाव लड़ी थी।

भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन ने उनकी कड़ी चुनौती और उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) को सफलतापूर्वक मात दी। मुंबई स्थित राज्य भाजपा मुख्यालय में चुनाव परिणामों का जश्न मनाते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस जीत को "महाविजय" बताया और इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा समर्थित विकासोन्मुखी राजनीति में मतदाताओं के विश्वास का प्रमाण बताया। इन नतीजों से उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को एक अहम उम्मीद मिली है, जिनकी शिवसेना की शाखा ने मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) में शानदार प्रदर्शन किया है।

शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने ठाणे, कल्याण-डोम्बिवली और मुंबई के उपनगरीय इलाकों के कई वार्डों में महत्वपूर्ण जीत दर्ज की, जिससे उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) को उसके गढ़ में ही कड़ी चुनौती मिली।

वर्षों से, बीएमसी को ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना का अजेय गढ़ माना जाता था। भाजपा की जीत के साथ, मुंबई की राजनीति का विमर्श अब मराठी अस्मिता से हटकर भाजपा के विकास और शहरी अवसंरचना के एजेंडे के समर्थन में जनादेश की ओर मुड़ गया है। महाराष्ट्र सरकार में मंत्री और भाजपा नेता नितेश राणे ने कहा कि बीएमसी चुनावों में भाजपा और शिवसेना का दमदार प्रदर्शन चुनाव प्रचार के दौरान उनके हिंदुत्व के एजेंडे को स्पष्ट जनादेश है। राणे ने ह्यएक्सह्न पर पोस्ट किया, ह्यह्यजो हिंदू की बात करेगा, वो महाराष्ट्र पर राज करेगा।ह्नह्न वर्ष 2017 में पत्रकार गौरी लंकेश की हत्या के आरोपी श्रीकांत पंगारकर ने जालना नगर निकाय में निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में (पार्षद) चुनाव में जीत हासिल की।

कई वर्षों के अंतराल के बाद 15 जनवरी को 29 नगर निकायों के चुनाव हुए, जिनमें से ज्यादातर का कार्यकाल 2020 और 2023 के बीच समाप्त हुआ था। इनमें से नौ नगर निकाय मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) में स्थित हैं, जो देश में सर्वाधिक शहरीकरण वाला क्षेत्र है। बृहस्पतिवार को बीएमसी और छत्रपति संभाजीनगर, नवी मुंबई, वसई-विरार, कल्याण-डोंबिवली, कोल्हापुर, नागपुर, सोलापुर, अमरावती, अकोला, नासिक, पिंपरी-चिंचवड़, पुणे, उल्हासनगर, ठाणे, चंद्रपुर, परभणी नगर निकायों में मतदान हुआ था।

इसके अलावा, मीरा-भायंदर, नांदेड़-वाघाला, पनवेल, भिवंडी-निजामपुर, लातूर, मालेगांव, सांगली-मिराज-कुपवाड, जलगांव, अहिल्यानगर, धुले, जालना और इचलकरंजी नगर निकायों के लिए भी वोट डाले गए थे।

## ठाणे में शिवसेना को बड़ा झटका, जिस वार्ड में रहते हैं एकनाथ शिंदे वहां उद्धव गुट की जीत



**ठाणे** महानगरपालिका की वार्ड नंबर 13-अ में एकनाथ शिंदे की शिवसेना को बड़ा झटका लगा है. महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे यहीं रहते हैं और पार्टी को हार का सामना करना पड़ा है. इस वार्ड में शिवसेना के उम्मीदवार और पूर्व मेयर अशोक वैती को उद्धव ठाकरे गुट ने हराया. उद्धव ठाकरे गुट के उम्मीदवार शाहजी खुपसे ने 667 वोटों से जीत हासिल की है. ठाणे महानगरपालिका में कुल 131 वार्ड हैं. अभी तक के रुझानों के मुताबिक, बीजेपी गठबंधन 44 सीटों पर आगे चल रही है. उद्धव+ तीन सीटों पर आगे चल रही है. अन्य के खाते में 10 सीटें जाती दिख रही हैं और एनसीपी यानी अजित पवार की पार्टी पांच सीटों पर आगे चल रही है.

ठाणे को डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे का गढ़ माना जाता है. 2017 के चुनाव में यहां अविभाजित एनसीपी ने 35, बीजेपी ने 23 और कांग्रेस ने तीन सीटों पर जीत हासिल की थी. दो सीटों पर अ्रटकट और एक सीट पर निर्दलीय ने जीत हासिल की थी.

**महाराष्ट्र महानगरपालिका चुनाव में कुल 54.77 फीसदी मतदान**

बता दें कि 15 जनवरी को महाराष्ट्र में 29 नगर निकायों के चुनाव हुए थे. आज नतीजे घोषित किए जा रहे हैं. इस चुनाव में 54.77 फीसदी मतदान दर्ज किया गया. राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी) ने आज यह जानकारी दी. आयोग द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के मुताबिक, राज्य की नवगठित इचलकरंजी महानगरपालिका में सबसे ज्यादा 69.76 फीसदी, जबकि मीरा-भयंदर महानगरपालिका में सबसे कम 48.64 प्रतिशत मतदान हुआ.

**ठाणे महानगरपालिका में 55.59 फीसदी वोटिंग**

आंकड़ों के अनुसार, बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) चुनाव में 52.94 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया. आयोग ने बताया कि ठाणे महानगरपालिका चुनाव में 55.59 फीसदी, कल्याण-डोंबिवली में 50.32, नवी मुंबई में 57.15, उल्हासनगर में 52.10, भिवंडी निजामपुर में 53.43, वसई-विरार में 57.12, पनवेल में 55.67, नासिक में 56.67, मालेगांव में 64.08, धुले में 56.73, जलगांव में 53.60 फीसदी मतदान हुआ. राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार, अहिल्यानगर में 64.67 फीसदी, पुणे में 52.42, पिंपरी-चिंचवड़ में 57.71, सोलापुर में 53.02, कोल्हापुर में 66.53, सांगली-मिराज-कुपवाड में 61.03, छत्रपति संभाजीनगर में 59.82, नांदेड़-वाघाला में 61.37, लातूर में 60.08, परभणी में 65.99, अमरावती में 54.10, अकोला में 55.61, नागपुर में 51.38, चंद्रपुर में 56.89 और जालना में 61.16 फीसदी मतदान दर्ज किया गया।

## पंजाब में बढ़ेगा विदेशी निवेश: सीएम

### मान ने ब्रिटिश कोलंबिया के साथ व्यापारिक साझेदारी को मजबूत करने पर दिया जोर

**पंजाब**

**पंजाब** के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज कनाडा, विशेष रूप से ब्रिटिश कोलंबिया के साथ व्यापारिक संबंधों को और सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि आपसी सहयोग का विस्तार हो सके और दोनों क्षेत्रों के व्यवसायों व लोगों को अधिकतम लाभ मिल सके.




ब्रिटिश कोलंबिया के प्रीमियर डेविड एबी से मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा, कनाडा हमेशा भारत और पंजाब के लिए एक मजबूत साझेदार रहा है और हम इस रिश्ते की दिल से सराहना करते हैं.

हम कनाडा और पंजाब के बीच मजबूत व्यापारिक और निवेश संबंधों की प्रशंसा करते हैं और इस साझेदारी को और आगे बढ़ाने की उम्मीद रखते हैं.

**निवेशकों के लिए गंतव्य के रूप में उभरा पंजाब- सीएम मान**

भगवंत सिंह मान ने कहा, ह्लपंजाब दोनों क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण क्षेत्रों में कनाडाई व्यवसायों के साथ सहयोग करने के लिए पूरी तरह तैयार और उत्सुक है.ह्व पंजाब की आर्थिक क्षमताओं को उजागर करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, ह्लपंजाब एग्रो-प्रोसेसिंग, टेक्सटाइल, इंजीनियरिंग उपकरण, आईटी सेवाओं और नवीकरणीय ऊर्जा में अग्रणी है।

## सीएम योगी ने डीडीयू में बास्केटबॉल प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

### नशे से दूर रहने की अपील की

**उत्तर प्रदेश**

**दीनदयाल** उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय बास्केटबॉल (महिला) प्रतियोगिता के औपचारिक उद्घाटन समारोह 16 जनवरी को संपन्न हुआ, कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बतौर मुख्य अतिथि संबोधित किया. मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों का आह्वान किया है कि वे किसी एक खेल को गोद लेकर उससे जुड़ी प्रतिभाओं को तराशें. खेल के जरिए स्वस्थ प्रतिस्पर्धा कराकर अनुशासन और खेल भावना को मजबूत करने में योगदान दें. सीएम योगी ने खेल गतिविधियों को बढ़ाने से युवा नशे से दूर रहेंगे, तमाम विकृतियों से बचे रहेंगे. युवा खेलेगा तो खिलेगा और यही युवा देश को आगे बढ़ाने में 2047 तक विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने में योगदान देगा.

**'मेरठ में बनी प्रदेश की पहली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी'**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने खेलों के माध्यम से भी विकसित भारत बनाने के अभियान में भरपूर प्रयास किए हैं. प्रदेश की पहली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी मेरठ में बन चुकी है. मेरठ में हर प्रकार के स्पोर्ट्स आइटम बन रहे हैं और इसे सरकार ने ओडीओपी में शामिल किया है.

**स्वस्थ शरीर से ही प्राप्त होंगे जीवन के सभी साधन**



मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की प्राचीन परंपरा ने खेलकूद को सदैव महत्व दिया है. भारत की ऋषि परंपरा के उद्घोष ह्यशरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम्ह्न का उद्धरण देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा जीवन के जितने भी साधन हैं, उन्हें स्वस्थ शरीर से ही प्राप्त किया जा सकता है. शरीर स्वस्थ रखने के लिए खेलकूद की गतिविधियों से जुड़ना होगा. नियम, संयम और अनुशासन से शरीर पर ध्यान देना होगा. स्वस्थ शरीर से ही समाज और राष्ट्र को सशक्त बनाने के लिए प्रेरणा मिलेगी.

मुख्यमंत्री ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि खेलकूद को तमाम परिवारों ने जीवन का हिस्सा बनाया है. उन्होंने कहा कि कई राज्यों में बेटे-बेटी में भेदभाव नहीं है. आज बच्चा (बेटा या बेटी) खेल में रुचि दिखाता है, तो अभिभावक प्रोत्साहित करते हैं, उसके अनुरूप संसाधन की व्यवस्था करते हैं.

**यूपी ने बढ़ाया खेल इंफ्रास्ट्रक्चर**

सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बड़े पैमाने पर खेल इंफ्रास्ट्रक्चर को आगे बढ़ाया गया है. प्रदेश की हर ग्राम पंचायत में खेल मैदान व ओपन जिम, ब्लॉक स्तर पर मिनी स्टेडियम, जिला स्तर पर स्टेडियम बनाने के कार्य युद्धस्तर पर आगे बढ़े हैं. खेल गतिविधियां अनौपचारिक न रहें, बल्कि दिनचर्या का हिस्सा बनें, इसके लिए सरकार ने 96000 से अधिक युवक मंगल दलों और महिला मंगल दलों को स्पोर्ट्स किट वितरित की हैं.

**'500 से अधिक खिलाड़ियों को दी सरकारी नौकरी'**

खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए सरकार की तत्परता का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि ओलंपिक में प्रदेश के प्रतिभागी खिलाड़ी को सरकार 10 लाख रुपये देती है।

# माँ ने चार माह की बेटी संग कुएं में कूदकर दी जान, पति व जीजा पर मुकदमा दर्ज

अखंड भारत संदेश

**कौंधियारा।** कौंधियारा थाना क्षेत्र के बड़गोहना खुर्द गांव में शुक्रवार को हुई हृदयविदारक घटना से पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। पारिवारिक कलह और मानसिक प्रताड़ना से परेशान एक 24 वर्षीय विवाहिता ने अपनी चार माह की मासूम बेटी के साथ कुएं में कूदकर जान दे दी। इस दर्दनाक घटना से गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है और लोग स्तब्ध हैं।



मृतक दृष्टि (फाइल फोटो)



मृतक सोनम पटेल (फाइल फोटो)

मृतका की पहचान सोनम पटेल (24) पुत्री रामचंद्र पटेल, निवासी मनकवार गडरीन तारा के रूप में हुई है। उसकी चार माह की पुत्री दृष्टि पटेल की भी इस घटना में मौत हो गई। परिजनों के अनुसार सोनम गुरुवार की शाम अपने मायके से ससुराल बड़गोहना खुर्द पहुंची थी। उसी रात किसी बात को लेकर उसका अपने वर्तमान पति शिवबाबू से विवाद हो गया था, जिसके बाद वह काफी मानसिक तनाव में थी।

परिजनों ने बताया कि सोनम की पहली शादी वर्ष 2018 में ज्ञानचंद्र उर्फ बाबू साहब से हुई थी। करीब एक वर्ष पूर्व ज्ञानचंद्र की मौत बिजली टावर से गिरने के कारण हो गई थी। पहले पति से सोनम की लगभग तीन वर्षीय पुत्री सृष्टि है, जो इस समय सुरक्षित है। पति की मृत्यु के बाद दोनों परिवारों की सहमति से वर्ष 2024 में सोनम का विवाह उसके देवर शिवबाबू से कराया गया था। बीते 9 अगस्त को सोनम ने दूसरी पुत्री दृष्टि को जन्म दिया था।

मायके पक्ष ने इस घटना को आत्महत्या नहीं बल्कि मानसिक प्रताड़ना का परिणाम बताया है। मृतका के भाई द्वारा दी गई तहरीर में आरोप लगाया गया है कि हजार्ने की धनराशि को लेकर सोनम को लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। इसी प्रताड़ना से तंग आकर सोनम ने यह कदम उठाया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति शिवबाबू तथा जीजा लक्ष्मण पटेल निवासी निबैया, मेजा के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया है और मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।



कौंधियारा के बड़गोहना कला में घटना के बाद मौके पर मौजूद पुलिस व ग्रामीण

शुक्रवार सुबह जब सोनम और उसकी बेटी घर में नहीं मिलीं तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। कुछ ही देर में घर से करीब 50 मीटर दूर स्थित कुएं में दोनों के शव तैरते हुए दिखाई दिए। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी कौंधियारा कुलदीप शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद मां-बेटी के शव कुएं से बाहर निकाले गए।

पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की गहन जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। घटना के बाद से गांव में मातम का माहौल है और मृतका के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# न्यूज झरोखा

## सपा नेता पवन सोनकर ने असहाय जरूरतमंदों को बांटे कंबल, निःशुल्क कंबल पाकर गरीबों के खिल उठे चेहरे



**कोरांव प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष पवन सोनकर ने प्रयागराज के कोरांव विकासखंड स्थित कुकरहटा ग्राम पंचायत में निःशुल्क कंबल वितरित किए। यह वितरण शुक्रवार दोपहर 3 बजे के करीब किया गया, जिसमें कई दर्जन असहाय और जरूरतमंद लोगों को ठंड से बचाव के लिए कंबल दिए गए। इस अवसर पर पवन सोनकर ने कहा कि असहाय और जरूरतमंदों की सेवा से बढ़कर कोई दूसरा पुनीत कार्य नहीं है। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से वृद्धों, दिव्यांगों और असहायों की सेवा करने का आह्वान किया। सोनकर ने बताया कि यह मुहिम इस वर्ष से शुरू की गई है और प्रत्येक वर्ष ठंड से बचाव के लिए उनके द्वारा यह कार्य जारी रहेगा। इस पहल से स्थानीय ग्रामीणों ने काफी प्रशंसा की। जिन असहायों को इस वितरण का लाभ मिला, उनमें चंद्रकली, अमरावती, फूलपत्ती, सूर्य लाल, बृजमोहन, लल्लू राम, जगवती, सुम्मारी देवी, कलावती, निर्मला देवी, श्री नाथ, पप्पू और दर्शन सहित कई अन्य ग्रामीण शामिल थे।

## प्रधानाध्यापक का निधन, परिजन, क्षेत्र शोकाकुल



**जंघई।** प्रधानाध्यापक पंडित सुरेंद्र नाथ पांडेय कोमल मंटू निवासी बंदीपट्टी, कुंदौरा का बीमारी से निधन हो गया। परिजनों के अनुसार अचानक तबियत खराब होने पर हम लोग इलाज हेतु लेकर लखनऊ पहुंचे जहां पर 10 दिन तक इलाज चला उसके उपरांत उनका निधन हो गया? कोरोना काल में उनके एकलौते पुत्र रामकृष्ण पांडेय का भी निधन हो गया था। मंटू पांडेय दत्तेपुर, कुंदौरा प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक थे 2 वर्ष का कार्यकाल बचा था। वह कुंदौरा महादेव मंदिर के संस्थापक सदस्य रहे एवं एक कवि, सामाजिक, मिलनसार, उदार प्रवृति के इंसान थे उनके आकस्मिक निधन पर गांव, क्षेत्र एवं रिश्तेदारों, नेताओं ने उनके निवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। शोक संतप्त परिजनों में यज्ञ नारायण पांडेय, महेंद्र नाथ पांडेय, श्याम कृष्ण पांडेय निजी सचिव राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा, रविंद्रनाथ, जितेंद्रनाथ पूर्व बीडीसी, दीपक, प्रकाश, योगेश, बालकृष्ण, गोपालकृष्ण, राहुल, मनीष, शिवम, हर्षित, अंकित, ओम, जय, देव, रौनक आदि लोग शामिल रहें।

## रास्ते के विवाद को लेकर अधिवक्ता पर जानलेवा हमला, मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** रास्ते के विवाद को लेकर विपक्षियों ने एक राय हो कर अधिवक्ता की चार पहिया वाहन रोक कर जानलेवा हमला कर मारे पीटे तथा जान से मारने की धमकी दी गई। अधिवक्ता ने थाने में तहरीर दे कर मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम घीनपुर में रास्ते को लेकर ग्रामीणों और अधिवक्ता के बीच काफी दिनों से विवाद चल रहा है। बताया गया है कि ग्राम घीनपुर निवासी अधिवक्ता राजेश कुमार शुक्ला अपनी चार पहिया वाहन से गुरुवार को शाम के समय घर से निकल रहे थे। आरोप है कि तभी उनके विपक्षियों ने ईट पत्थर से मारे पीटे। आरोप है कि हाथों में तमंचा लिए हुए उनके वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिए।तथा उन्हें वाहन से निकाल कर गला दबा कर हत्या का प्रयास किए। और जान से मारने की धमकी भी दिए। अधिवक्ता ने इसकी सूचना मऊआइमा थाने में देते हुए तमाम अधिवक्ताओं को दी। जिसपर देर रात में बडी संख्या में अधिवक्ता थाने में एकत्रित हो गए।पीडित अधिवक्ता राजेश कुमार शुक्ला ने मऊआइमा थाने में देर रात्रि में गांव के शुभम,आरती,संगीता, कंचन,पिंकी,सुनीता,जय देवी,जान कुमार,पूनम,शुभम,सत्यम, कार्तिक, अनुराग,राज,आर्यन,अंश, सचिन, श्याम बाबू, सुनील, धर्मेंद्र कुमार सहित बीस के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# माघ मेले के टेंट में भीषण आग, एक युवक की मौत

**झूंसी।** संगम तट पर सजे माघ मेले में गुरुवार की रात एक दर्दनाक हादसा हो गया। सेक्टर-5 स्थित अन्नपूर्णा मार्ग पर पुराने रेलवे ब्रिज के नीचे लगे एक शिविर में अचानक आग लग गई। इस हादसे में 22 वर्षीय युवक मानस मिश्रा की झुलसकर मौत हो गई। मानस ही अपने घर का इकलौता कमाऊ सदस्य था, जिसकी मौत के बाद उसकी विधवा माँ और छोटे भाई के भविष्य पर अंधेरा छा गया है।

घटना गुरुवार रात करीब 11 बजे की है, जब 'शिव धर्मार्थ कल्याण संस्थान' के शिविर में अचानक आग की लपटें उठने लगीं। ड्यूटी पर तैनात एक पुलिसकर्मी ने जब टेंट से धुआं निकलता देखा, तो उन्होंने शोर मचाया और स्थानीय लोगों की मदद से शिविर का दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुँच गईं और आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक टेंट में सो रहा मानस मिश्रा गंभीर रूप से झुलस चुका था। उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। लीलापुर कला निवासी मानस मिश्रा झूंसी के एक प्राइवेट संस्थान में काम करता था। पिता की मृत्यु के बाद अपनी माँ केतकी और छोटे भाई अमन की जिम्मेदारी उसी के कंधों पर थी। परिजनों ने बताया कि वह मुजफ्फरनगर के जिलाधिकारी का दूर का रिश्तेदार था। शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद जब शव घर पहुँचा, तो पूरे गांव में मातम पसर गया। माँ और भाई का रो-रोकर बुरा हाल है।



# प्रदेश अध्यक्ष बनने पर सुरेश त्रिपाठी का भव्य अभिनंदन, शिक्षकों ने जताया सम्मान

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ प्रयागराज के तत्वावधान में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी के पुनः सर्वसम्मति से प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित होने पर कर्नलगंज इंटर कॉलेज के सभागार में भव्य अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न कोनों से आए 500 से अधिक शिक्षक एवं प्रधानाचार्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता व संचालन संगठन के जिलाध्यक्ष अनुज कुमार पांडेय ने किया। अभिनंदन कार्यक्रम के साथ ही संगठन के संस्थापक एवं शिक्षक संघर्षों के नायक ओम प्रकाश शर्मा की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।



अपने संबोधन में प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि ओम प्रकाश शर्मा का शिक्षक आंदोलन में योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने शिक्षकों को अधिकार और उपलब्धियों की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। शिक्षकों ने जो जिम्मेदारी उन्हें पुनः सौंपी है, उसे वे पूरी निष्ठा और क्षमता के साथ निभाने का प्रयास करेंगे।

जिलाध्यक्ष अनुज कुमार पांडेय ने कहा कि प्रयागराज जनपद के लिए यह गर्व का विषय है कि सुरेश कुमार त्रिपाठी दूसरी बार प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। जिला कार्यकारिणी उनका अभिनंदन कर स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रही है।

इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष देवेंद्र श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य परिषद के जिलाध्यक्ष डॉ. पी.पी. सिंह, संगठन के पूर्व जिलाध्यक्ष राम प्रकाश पांडे, जिला मंत्री जगदीश प्रसाद, कोषाध्यक्ष रविंद्र त्रिपाठी, उमाशंकर यादव, वरिष्ठ नेता कुंज बिहारी मिश्रा, प्रदेशीय उपाध्यक्ष डॉ. मनोज मिश्रा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अनय प्रताप सिंह, वसीम अहमद सिद्दीकी, डॉ. सुयोग पांडे तथा प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री शिव बहादुर सिंह यादव सहित अनेक शिक्षकों ने अपने विचार व्यक्त किए।

# मकर संक्रांति के बाद अमावस्या को लेकर सफाई अभियान जोरों पर



**प्रयागराज।** माघ स्नान, मकर संक्रांति पर्व के बाद आगामी अमावस्या स्नान को दृष्टिगत रखते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा, स्वास्थ्य और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से माघ मेला क्षेत्र अंतर्गत अरैल घाट सेक्टरझ्र7 में गुरुवार को भी व्यापक सफाई अभियान जोर-शोर से जारी रहा। मकर संक्रांति के दौरान विशेष स्वच्छता अभियान चलाए जाने के बाद अब अमावस्या स्नान को लेकर सफाई व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ कर दी गई है। घाट, संपर्क मार्गों, स्नान क्षेत्रों और आवासीय स्थलों की नियमित रूप से साफ-सफाई कराई जा रही है।

सेक्टरझ्र7 में स्वच्छता की संपूर्ण जिम्मेदारी प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार यादव के निर्देशन में निभाई जा रही है। उन्होंने बताया कि मेला अवधि में श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। मकर संक्रांति के बाद भी सफाई और सेनेटाइजेशन का कार्य लगातार जारी है, ताकि अमावस्या स्नान के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और संक्रामक बीमारियों से बचाव किया जा सके।

उन्होंने बताया कि सफाईकर्मियों की टीमें अलग-अलग स्थानों पर तैनात की गई हैं, जो 24 घंटे निगरानी रखते हुए स्वच्छता बनाए हुए हैं। विशेष रूप से स्नान घाटों, रास्तों और ठहराव स्थलों पर अतिरिक्त सफाई कराई जा रही है। स्थानीय श्रद्धालुओं और कल्पवासियों ने सेक्टरझ्र7 में की जा रही साफ-सफाई व्यवस्था की सराहना की है।

# संदिग्धावस्था में सड़क के किनारे लहुलुहान मिला युवक का शव

## परिजनों ने हत्या की आशंका का आरोप लगा किया चक्का जाम

**करछना।** थाना क्षेत्र अंतर्गत भुण्डा चौकी परिसर में संदिग्ध परिस्थितियों में 23 वर्षीय युवक आशीष शर्मा निवासी भुण्डा की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए युवक की हत्या किए जाने की आशंका जताई है। परिजनों का आरोप है कि आशीष शर्मा की मौत की सूचना उन्हें समय पर नहीं दी गई और बिना परिजनों को बताए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। बाद में जब परिवार को इसकी जानकारी मिली तो वे आक्रोशित हो उठे।

घटना से नाराज परिजनों और स्थानीय लोगों ने कोहड़ारझ्रकरछना मार्ग को जाम कर दिया, जिससे यातायात बाधित हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर करछना एसीपी, थाना प्रभारी करछना सहित भारी पुलिस बल पहुंचा और लोगों को समझाने का प्रयास किया। प्रशासन द्वारा निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिए जाने के बाद लोगों ने सड़क जाम समाप्त किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और यदि किसी की भी लापरवाही या संलिप्तता पाई जाती है तो दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेजा जाएगा।

फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है, जिसके आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद से क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है, हालांकि स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है।

# सहसों में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन कल, जरूरतमंदों को मिलेगा लाभ

**सहसों।** कांदी मार्ग स्थित रोहित गेस्ट हाउस सहसों में 18 जनवरी रविवार को सेठ स्वर्गीय प्यारेलाल केसरवानी की पुण्य स्मृति में एक निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में श्री सद्गुरु सेवा ट्रस्ट, चित्रकूट से आए अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा क्षेत्रीय जरूरतमंद लोगों की नेत्रों की जांच की जाएगी। शिविर के दौरान आंखों से संबंधित विभिन्न रोगों की जांच के साथ जरूरतमंद मरीजों का चयन कर मोतियाबिंद का निःशुल्क ऑपरेशन भी कराया जाएगा। इसके अलावा मरीजों को आवश्यक परामर्श एवं दवाइयां भी उपलब्ध कराई जाएगी। आयोजक एवं पूर्व प्रधान राहुल केसरवानी ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद लोगों को बेहतर नेत्र उपचार उपलब्ध कराना है, जिससे वे समय पर इलाज कराकर अपनी आंखों की रोशनी सुरक्षित रख सकें। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस निःशुल्क नेत्र शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

# प्रभु प्रेम के भूखे हैं, वहाँ धन का कोई महत्व नहीं



अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** प्रभु दत्त ब्रह्मचारी द्वारा स्थापित श्री संकीर्तन भवन में आयोजित श्रीमद् भागवत चरित्र सप्ताह का शुक्रवार को समापन हुआ। स्वामी दयानंद के सानिध्य एवं ट्रस्ट की मंत्री रजनी मेहरोत्रा के निर्देशन में आयोजित इस कथा के अंतिम दिन रुक्मिणी विवाह और सुदामा चरित्र का अत्यंत मार्मिक वर्णन किया गया।

कथा व्यास पंडित श्रीराम जी पाण्डेय ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा का मिलन सच्ची मित्रता और निष्काम भक्ति का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने बताया कि प्रभु केवल प्रेम के भूखे हैं, वहाँ धन का कोई महत्व नहीं है। कथा के अंत में राजा परीक्षित के मोक्ष और कलयुग में नाम-स्मरण की महिमा बताई गई। इस अवसर पर महापौर उमेश गणेश केसरवानी, डॉ. सियाराम त्रिपाठी, कवि राम लषण शुक्ल और राजेश शुक्ला सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पुण्य लाभ अर्जित किया। 11 आचार्यों के सानिध्य में संपन्न इस आयोजन से संपूर्ण क्षेत्र भक्तिमय रहा।

# अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के बैनर तले राज्यपाल को 06 सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

अखंड भारत संदेश

**लालापुर।** अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के बैनर तले बारा क्षेत्र के किसानों ने तहसील प्रांगण में शुक्रवार को धरना प्रदर्शन कर महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश को छः सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम बारा को सौंपा।

बिजली कानून 2025 रद्द करने, बीज बिल 2025 रद्द करने, कनेक्शन काटना बंद करने और 300 यूनिट बिजली फ्री करने, स्मार्ट मीटर पर रोक लगाने, चार लेबर कोड रद्द करने, रोजगार की गारंटी करने, गरीबों की बस्तियों को उजाड़ना बंद करने, खेती - आवास के पट्टे देने ,बालू खनन में 19 जून 2019 का आदेश रद्द करने और नाव से खनन चालू करने की मांग की गई है। सभा को हीरालाल, सुरेश चंद्र,विनोद निषाद,भीमलाल, रामू,, रामकैलाश कुशवाहा, राजेश आदिवासी, सीमा, मंजू आदि ने संबोधित किया । सभा के दौरान बोदाजी, रामआसरे ने क्रांतिकारी गीतों के साथ प्रदर्शनकारियों का जोश बढ़ाया।संचालन राजकुमार पथिक अध्यक्षता रामकैलाश कुशवाहा, सुरेंद्र सिंह, विजयराज यादव ने किया। सभा के अंत में ज्ञापन उपजिलाधिकारी बारा प्रेरणा गौतम ने लिया, कहा कि उक्त मांगों को जिलाधिकारी प्रयागराज के माध्यम से राष्ट्रपति महोदय तक पहुंचाया जाएगा एवं स्थानीय मांग पत्रों को हल करने का आश्वासन दिया है।



# बरियांवा शुक्लान से नीबी बस्ती तक जाने वाली चकरोड का समतलीकरण

**जंघई।** बरियांवा शुक्लान से यादव बस्ती, मौर्या बस्ती, भारतीया एवं बनवासी बस्ती होते हुए नीबी गांव तक जाने वाली चकरोड मरम्मत के अभाव में जो पूर्णतः गड्ढे में तब्दील हो गई थी आने जाने वाले बाइक, साइकिल सवार गिरकर चोटिल हो रहे थे। समाजसेवी एवं भावी प्रत्याशी शुभम शुक्ला द्वारा इस चकरोड को ट्रैक्टर एवं जेसीबी द्वारा समतल कराया गया है ताकि ग्रामवासियों का आवागमन सुचारु रुप से हो सके। शुभम शुक्ला ने बताया कि भविष्य में इस सड़क को इंटरलाकिंग सड़क बनवाने का मन में संकल्प है, क्योंकि बारिश में इस सड़क में गड्ढे ही गड्ढे हो जाते हैं आवागमन बाधित होता है, कोई बीमार हो जाता है तो अस्पताल ले जाते वक्त वाहन गड्ढे में फंस जाता है और इस मार्ग पर बारिश में पैदल, बाइक, साइकिल या चार पहिया वाहन से नहीं चल सकते, ग्रामीणों की समस्या को देखते हुये अभी इसको व्यक्तिगत खर्च से आवागमन हेतु समतल करवा दिया है ताकि लोगों को राहत मिल सके, चकरोड समतल होने पर ग्रामीणों ने प्रसन्नता व्यक्त किया है।



# प्रयागराज माघ मेला 2026 संगम की लहरों और ऐतिहासिक किले के साये में लग्जरी का नया ठिकाना

## आगमन फोर्ट व्यू कैफे का हुआ भव्य शुभारंभ

**प्रयागराज।** संगम की पावन धरती पर आने वाले देश-दुनिया के पर्यटकों के लिए अब सुकून और विलासिता का एक नया प्रीमियम ठिकाना तैयार हो गया है। आगमन कंपनी ने अपने नवीन वेंचर ह्यआगमन फोर्ट व्यू कैफे का भव्य शुभारंभ किया है। यह कैफे न केवल स्वादिष्ट व्यंजनों के लिए बल्कि संगम की लहरों, ऐतिहासिक किले के मनमोहक दृश्यों और लग्जरी टेंट हाउसिंग के अनोखे संगम के लिए भी खास है।

**प्रीमियम अनुभव की खास पहचान**

आगमन फोर्ट व्यू कैफे को विशेष रूप से उन पर्यटकों के लिए डिजाइन किया गया है, जो शांति, प्राकृतिक सौंदर्य और लग्जरी अनुभव की तलाश में प्रयागराज आते हैं। ईंटों के प्राकृतिक फर्श और पारंपरिक शामियानों (टेंट्स) के नीचे बैठकर पर्यटक सीधे संगम और ऐतिहासिक किले के अद्भुत नजारों का आनंद ले सकते हैं। आधुनिक सुविधाओं के साथ-साथ यहाँ पारंपरिक भारतीय आतिथ्य का भी विशेष ध्यान रखा गया है।



**अनुभवी युवाओं की टीम संभाल रही कमान**

आगमन की इस महत्वाकांक्षी पहल को सफल बनाने के लिए तीन अनुभवी युवाओं की टीम नेतृत्व कर रही है।, ताकि हर पर्यटक को उच्चस्तरीय और यादगार सेवा मिल सके।

# अरैल में कमर्शियल टेंट सिटी तैयार, मंडलायुक्त व पुलिस आयुक्त ने किया उद्घाटन

## श्रद्धालुओं को मिलेंगी सुरक्षित, सुव्यवस्थित व आरामदायक ठहराव की आधुनिक सुविधाएं

**अखंड भारत संदेश**





**प्रयागराज।** माघ मेला 2026 के दौरान प्रयागराज आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मेला प्रशासन लगातार प्रयासरत है। इसी क्रम में मेला प्राधिकरण के तत्वावधान में प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा अरैल क्षेत्र में अत्याधुनिक कमर्शियल टेंट सिटी का निर्माण कराया गया है। इसका उद्देश्य माघ मेला में बढ़ती श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए उन्हें सुरक्षित, सुव्यवस्थित और आरामदायक आवास सुविधा उपलब्ध कराना है।इस कमर्शियल टेंट सिटी का उद्घाटन मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल एवं पुलिस आयुक्त प्रयागराज जोगेंद्र कुमार द्वारा किया गया। टेंट सिटी को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया गया है, जिससे श्रद्धालुओं को मेला क्षेत्र में होटल जैसी सुविधाओं का अनुभव मिल सकेगा।

अरैल क्षेत्र में इस वर्ष पर्यटन विभाग एवं निजी ऑपरेटर्स के सहयोग से वेलनेस सेंटर और अन्य टेंट सिटी भी विकसित की गई हैं। ये सुविधाएं शिवालय पार्क एवं त्रिवेणी पुष्प के मध्य स्थित हैं, जहां श्रद्धालुओं को आवास के साथ-साथ स्वास्थ्य, योग एवं वेलनेस से जुड़ी सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी।

उद्घाटन कार्यक्रम के अवसर पर अपर पुलिस आयुक्त अजयपाल शर्मा, मेलाधिकारी ऋषिराज, नगर आयुक्त साईं तेजा, अपर मेला अधिकारी दयानंद प्रसाद, सचिव प्रयागराज विकास प्राधिकरण अजीत सिंह, उप मेलाधिकारी विवेक शुक्ला एवं अभिनव पाठक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# मुक्त विश्वविद्यालय में धूमधाम से मनाया जाएगा यूपी स्थापना दिवस

## 24 जनवरी को सांस्कृतिक कार्यक्रम, क्विज, प्रदर्शनी व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में आगामी 24 जनवरी 2026 को उत्तर प्रदेश का स्थापना दिवस भव्य एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया जाएगा। राज्यपाल सचिवालय के निर्देश के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत्यकाम ने बताया कि प्रदेश की राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल के निर्देशन और मार्गदर्शन में स्थापना दिवस समारोह गरिमा और उत्साह के साथ आयोजित किया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। स्थापना दिवस से जुड़े कार्यक्रमों के सफल संचालन हेतु प्रो. ज्ञान प्रकाश यादव को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। समारोह के अंतर्गत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ-साथ लघु फिल्म प्रदर्शन, रंगोली निर्माण, क्विज प्रतियोगिता, प्रदर्शनी तथा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

नोडल अधिकारी प्रो. ज्ञान प्रकाश यादव ने जानकारी दी कि भाषण प्रतियोगिता 21 जनवरी 2026 को आयोजित होगी, जबकि क्विज प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी का आयोजन 24 जनवरी 2026 को किया जाएगा। इसी दिन सरस्वती परिसर स्थित अटल प्रेक्षागृह में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे।

समारोह की सफलता सुनिश्चित करने के लिए प्रो. मीरा पाल, प्रो. पी.के. पांडेय, प्रो. देवेश रंजन त्रिपाठी, प्रो. सत्यपाल तिवारी एवं प्रो. ज्ञान प्रकाश यादव की एक समन्वित टीम गठित की गई है, जो आयोजन की सभी व्यवस्थाओं की निगरानी करेगी।

## न्यूज झरोखा

### एसडीएम के आदेश पर सात घंटे चली सरकारी नाला की पैमाइस



**लालापुर ।** क्षेत्र के डेराबारी गांव स्थित सरकारी नाला को पाट कर कब्जा करने की बार बार मंडलायुक्त, ज़िलाधिकारी से शिकायत को संज्ञान में लेकर उपजिलाधिकारी ने तहसीलदार की अगुवाई में टीम गठित कर नाला की नाप करने का आदेश जारी किया ।जिस पर तहसीलदार रोशनी सोलंकी के निर्देश पर राजस्व निरीक्षक अभय राज यादव , विजय कांत पांडेय, देवी शंकर तिवारी, लेखपाल राशिद अहमद, मनीष श्रीवास्तव, जयंत कुमार पूर्व लेकपाल रामबाबू मिश्र, मय राजस्व टीम डेराबारी स्थित नाला की नाप करने पहुंच । शिकायतकर्ता मेंगलौर माइंस के प्रबंधक राजेन्द्र कुमार मिश्र द्वारा आरोप लगाया जा रहा था की प्राचीन नाला को निर्मित डिस्टलरी प्लांट द्वारा पाट कर नाला का स्वरूप बदल दिया गया है । सात घंटे चली नाप जोख के बाद नाला का सीमांकन कर पत्थर लगाकर चिन्हांकित किया गया। राजस्व निरीक्षक देवी शंकर तिवारी ने बताया की प्राचीन नाला की भूमि सुरक्षित है इस पर किसी प्रकार का कब्जा नहीं पाया गया । ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शेर बहादुर सिंह ने बताया की सीमांकन के बाद सरकारी नाला को कब्जा करने का प्रयास किया गया तो ग्राम पंचायत सख्त कार्रवाई करेगी ।इस दौरान कंपनी के अधिवक्ता आशीष मिश्र, प्रबंधक गोरे लाल ओझा, ग्रामीण राम सिंह, छेदी लाल सिंह, मनोज त्रिपाठी, अजीत सिंह, राज सिंह, राज कुमार, अजय सिंह , मनीष कुमार , अभिषेक कुमार सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### शिक्षक के घर पहुंचे सपानेता रणजीत सोनकर व पूर्व ब्लॉक प्रमुख अशोक सिंह दी सांत्वना



**मांडा।** क्षेत्र के बामपुर गांव निवासी शिक्षक सुरारी नाथ सोनकर का 12 जनवरी को असामयिक निधन हो गया। उनकी आयु 45 वर्ष थी। उनके निधन की सूचना मिलते ही रिश्तेदारों के अलावा क्षेत्रीय नेताओं ने उनके परिवार से मिलकर सांत्वना दी। शुक्रवार को सुबह से शाम तक सपा के जिला उपाध्यक्ष रणजीत सोनकर और पूर्व ब्लॉक प्रमुख अशोक सिंह ने शिक्षक सुरारी नाथ सोनकर के घर पहुंचकर उनके बड़े भाई भोला नाथ सोनकर और परिवार के अन्य सदस्यों से मुलाकात की। उन्होंने परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस दौरान प्रधान बबलू यादव, सुजीत केशरी, अजय प्रजापति, वीडीओ सुनील कुमार सोनकर, बिरेंद्र, अरविंद कुमार, साजन सोनकर, ब्रिजेश कुमार, अमरेश कुमार सहित सैकड़ों लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की।

### श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण से मनुष्य अपने जीवन को सफल बना सकता है



**नैनी।** नैनी श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण से मनुष्य अपने जीवन को सफल बना सकता है। यह विचार कथा व्यास देवव्रत जी ने महर्षि महेश योगी आश्रम परिसर, अरैल नैनी में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दौरान व्यक्त किए। महर्षि महेश योगी के परम शिष्य वेद विद्या मार्तंड ब्रह्मचारी गिरीश के मार्गदर्शन में आयोजित इस श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास देवव्रत जी ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा मानव जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि जीवन को सफल बनाने की संपूर्ण प्रक्रिया श्रीमद् भागवत कथा में समाहित है तथा इसके श्रवण से मोक्ष की प्राप्ति होती है। कथा के शुभारंभ अवसर पर आश्रम प्रभारी सुनील श्रीवास्तव एवं आश्रम प्रभारी बसंत दास द्वारा कथा व्यास का माल्यार्पण किया गया तथा गुरु चरणों में विधिवत पूजन-अर्चन कर कथा का आरंभ किया गया। इस अवसर पर धर्मेंद्र श्रीवास्तव, आचार्य ऋषि त्रिवेदी, विमल मिश्रा, सोनू पांडे, पहलाद नायक, राम मंगल गुप्ता, सियारामशर्मा, शत्रुघ्न वर्मा, सुरेश श्रीवास्तव, वरिष्ठ भाजपा नेता संजय श्रीवास्तव सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### पिता को बेरहमी से पीटने वाला आरोपी बेटे का शान्ति भंग में चालान

**मांडा।** थाना क्षेत्र के दोहथा गांव बीते 12 जनवरी की रात में अपने ही पिता को बीमा क्लेम की रूपए कि बात को लेकर बेरहमी से पीटने की सूचना मांडा पुलिस को मिली जानकारी मिलने पर एस आई आमिर खान उस्मानी ने मौके पर पहुंच कर पीड़ित पिता को इलाज के लिए मांडा सी एच सी भेजा और बेटे को हिरासत में लेकर मांडा थाने लाया ' वही मांडा के डॉक्टर ने उसकी हालत गंभीर देख शहर के लिए रिफर कर दिया जहां उनका इलाज चल रहा है।

गुरुवार को मांडा एसआई शिव कुमार गोयल ने पिता को बेरहमी से पीटने वाला बेटा सोनू आदिवासी पुत्र सूर्य लाल उर्फ भुवर से पूछताछ कर शान्ति भंग में चालान कर दिया ' वही एसआई शिव कुमार गोयल ने बताया कि पूछताछ करने पर उसके बेटे सोनू ने बताया कि पिता जी काफी शराब पीते हैं और उनका किडनी का इलाज चल रहा था डॉक्टर ने उन्हें शराब पीने से मना किया था लेकिन वें नहीं मानते थे इसी बात से गुस्सा में आकर एक - दो थप्पड़ मार दिया है ' उन्हें चोट शराब की नशा के कारण गिरने से लगी है ।

इसीक्रम में 12 जनवरी को वर्तमान ग्राम प्रधान ऊंटी कैलाश नाथ सिंह पर गांव के पूर्व प्रधान का परिवार राजनीतिक रंजिश को लेकर जानलेवा हमला करने वाले नामजद चार आरोपियों में एक आरोपी अलोपी शंकर यादव पुत्र रामधारी यादव को विवाद के तीसरे दिन ही गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद जेल भेज दिया ' वही मांडा इंस्पेक्टर अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि अन्य आरोपियों के घर दबिश दी जा रही है उन्हें भी अतिशीघ्र गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# युवक पर पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने का प्रयास, हालत गंभीर

**झूंसी।** थाना क्षेत्र के छिबैयां गांव में शुक्रवार को एक युवक पर पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। गंभीर रूप से झुलसे युवक को नाजुक हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश में दबिश दे रही है। छिबैयां निवासी करन कनौजिया शुक्रवार को अपने घर पर था तभी पड़ोस का राहुल यादव वहां पहुंचा। आरोप है कि राहुल, करन को जबरन अपने साथ ले गया और सुनसान जगह पर ले जाकर उसकी जमकर पिटाई की। किसी तरह राहुल के चंगुल से छूटकर करन जब वापस अपने घर पहुंचा तो आरोपी राहुल पीछा करते हुए पेट्रोल लेकर वहां धमक पड़ा। इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता, राहुल ने करन पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। आग की लपटों से घिरे करन का शोर सुनकर उसकी पत्नी और आसपास के लोग मदद के लिए दौड़े। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाई और उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों के मुताबिक पीड़ित काफी ज्यादा झुलस गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल पर पूछताछ की, सीसीटीवी फुटेज खंगाले। थाना प्रभारी महेश मिश्रा ने बताया कि करन के भाई अरुण की तहरीर पर राहुल यादव के खिलाफ जानलेवा हमले का मामला दर्ज कर लिया गया है।

# खेल युवाओं में अनुशासन की भावना और स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धा का करते हैं विकास : राहुल मिश्रा

## कठौली के जनवार गांव में आरकेपीएल क्रिकेट टूनार्मेंट का हुआ आगाज,रवि इलेवन मेजारोड और रवि इलेवन मेड़रा के खेला गया शानदार उद्घाटन मैच



**मेजा।** कठौली के जनवार गांव के खेल मैदान पर शुक्रवार को रामपुर कठौली प्रीमियर लीग क्रिकेट टूनार्मेंट का भव्य शुभारंभ हुआ। उद्घाटन मुकाबला रवि इलेवन मेजारोड और रवि इलेवन मेडरा के बीच खेला गया, जिसमें रवि इलेवन मेडरा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की।

टॉस जीतकर रवि इलेवन मेडरा ने पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया। निर्धारित आठ ओवर के मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए रवि इलेवन मेजारोड की टीम 44 रन ही बना सकी। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रवि इलेवन मेडरा की टीम ने आक्रामक बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए आसानी से लक्ष्य हासिल कर उद्घाटन मैच अपने नाम कर लिया। टूनार्मेंट के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा युवा मोर्चा के जिलामंत्री राहुल मिश्रा रहे। उन्होंने फीता काटकर प्रतियोगिता का विधिवत शुरूआत किया और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का विकास करते हैं। इस मौके पर अशोक शुक्ला, मनीष पांडेय, अवनीश द्विवेदी, धीरु शुक्ला, शशांक उर्फ छोटू द्विवेदी, शिवम मिश्रा और सबल तिवारी सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे। टूनार्मेंट के आयोजक सनी द्विवेदी, संदीप मिश्रा, आदर्श द्विवेदी, सुनील कुमार यादव, दिवाकर ठकुरिया, विनीत पांडेय, शिवा पटेल और प्रियांशु पटेल ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। आयोजक सनी द्विवेदी ने बताया कि आरकेपीएल क्रिकेट टूनार्मेंट में कुल 32 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं और आने वाले दिनों में रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे।

# महाविद्यालय में भारत सरकार द्वारा प्रायोजित एक दिवसीय विश्वदर्शन-दिवस का आयोजन



**नैनी।** नैनी हेमवती नन्दन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग द्वारा भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद नई दिल्ली, उच्च शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित एक दिवसीय विश्वदर्शन-दिवस का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य विषय पारिस्थितिकीय नीतिशास्त्र रहा। कार्यक्रम के आयोजक सचिव डॉ. राम कुमार सिंह रहे। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा निदेशक उ0 प्र0 प्रो0 बी0 एल0 शर्मा सहित संयुक्त शिक्षा निदेशक प्रो0 शशी कपूर के मार्गदर्शन एवं प्राचार्य प्रो0 ओम प्रकाश की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो0 जटाशंकर तिवारी ने पर्यावरणीय नीतिशास्त्र और आभ्यांतर प्रकृति विषय पर, प्रो0 शिवभानु सिंह, इविंग क्रिश्चियन कालेज, प्रयागराज के पूर्व विभागाध्यक्ष ने पारिस्थितिकीय दर्शन के विविध आयाम के अन्तर्गत विवेक, प्राकृतिक संरक्षण, संपोषणीय विकास विषय पर, प्रो0 अमिता पाण्डेय, विभागाध्यक्ष दर्शनशास्त्र, ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज, प्रयागराज ने अन्तर्राष्ट्रीय वित्तपोषण एवं नैतिकता तथा डॉ0 नंदिता सिंह सहायक प्रोफेसर, दर्शनशास्त्र विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने दर्शनशास्त्र में पारिस्थितिकीय संतुलन विषय पर व्याख्यान किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो0 नीतू सिंह विभागप्रभारी, गृह विज्ञान ने तथा विषय प्रवर्तन डॉ0 अमित कुमार मिश्र ने किया। आयोजक सचिव डॉ0 रामकुमार सिंह, विभाग प्रभारी दर्शनशास्त्र ने कार्यक्रम के अन्त में धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एम एस साईं प्रजापति टेक्निकल सर्विसेज ओपन कैशमनी क्रिकेट टूनार्मेंट 2026 का खिताब मीरा हॉस्पिटल के नाम

## स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है मुख्य अतिथि - एसीपी थरवई अरुण पाराशर



**फाफामऊ।** देव स्पोर्ट्स क्रिकेट ग्राउंड पर 5 जनवरी से टी - 20 क्रिकेट खेल का आयोजन चल रहा था जो 15 जनवरी तक इस खेल का फाइनल मुकाबले के साथ संपन्न हुआ। फाइनल मुकाबले में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे एसीपी थरवई अरुण पाराशर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में आर ए एफ 101 बटालियन शांतिपुरम फाफामऊ डिप्टी कमांडेंट यज्ञ सिंह रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों का पुष्प गुच्छ एवं अंगवस्त्र के साथ उनका सम्मान बढ़ाया वही मोमेंटो व स्मृति चिन्ह के साथ भेंट स्वरूप सम्मान के रूपमें दिया गया। जिसके पश्चात फाइनल मुकाबले में पहुंची दोनों टीमों से एसीपी व डिप्टी कमांडेंट ने उनका परिचय लेते हुए मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे एसीपी थरवई अरुण पाराशर ने अपने वक्तव्य में बतलाया कि शिक्षा हो या खेल जगत हर क्षेत्र में हो रहे अग्रणी और अपने माता-पिता के साथ ही क्षेत्र व देश का भी नाम भी गर्व से ऊंचा कर रहे हैं और यह कहा कि अगर जिंदगी में कुछ पाना है तो तरीके बदलो इरादे नहीं। लक्ष्य को पाने के लिए कड़ी मेहनत व सच्ची लगन बहुत ही आवश्यक है सभी खिलाड़ियों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है साथ ही खेल से शारीरिक एवं मानसिक क्षमताओं में वृद्धि होती है। वहीं विशिष्ट अतिथि ने भी अपने वक्तव्य में बतलाया कि क्रिकेट खेल से भी खिलाड़ी आगे बढ़ रहे और अच्छे मुकाम हासिल कर देश का नाम भी गर्व से उसे ऊंचा कर रहे हैं। इस कार्यक्रम के मुख्य संयोजक रामचंद्र प्रजापति ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया। क्रिकेट टूनार्मेंट 2026 का फाइनल मुकाबला मीरा हॉस्पिटल बनाम पी एम एस स्पोर्ट्स क्लब के बीच खेला गया। पी एम एस स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का फैसला लिया और बल्लेबाजी करनी उतरी मीरा की टीम निर्धारित 20 ओवर में 19.1 में 186 रन बनाकर ऑल आउट हो गई लक्ष्य का पीछा करने उतरी पी एम एस स्पोर्ट्स की टीम 11.1 ओवर में मात्र 73 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इस मैच के मैन ऑफ द मैच मिशम अब्बास बेस्ट बल्लेबाज सौरभ प्रताप सिंह बेस्ट बॉलर कुणाल मिश्रा को दिया गया विजेता टीम को ट्रॉफी एवं 50000 हजार उपविजेता 25000 हजार एम एस साईं प्रजापति टेक्निकल सर्विसेज के ओनर अनिल प्रजापति आर टी आर फाइनेंस सर्विस ओनर रवि तिवारी (रुद्राक्ष) टूनार्मेंट आयोजन रामचंद्र प्रजापति के द्वारा खिलाड़ियों को दिया गया।

# हैदरगढ़ टोल प्लाजा पर साथी वकील पर हुए कायराना हमले से आक्रोशित मेजा बार के वकीलों ने विरोध प्रदर्शन कर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

## बाराबंकी के हैदरगढ़ टोल प्लाजा पर अधिवक्ता रत्नेश शुक्ला के साथ टोल प्लाजा कर्मियों द्वारा किए गए दुर्व्यवहार और मारपीट से आक्रोशित मेजा बार के वकीलों ने तहसील प्रांगड़ में भरी हुंकार,लगाई अधिवक्ता एकता जिंदाबाद और पुलिस प्रशासन मुदार्बाद के नारे



**मेजा।** बाराबंकी के हैदरगढ़ टोल प्लाजा पर अधिवक्ता रत्नेश शुक्ला पर हुए कायराना हमला तथा दुर्व्यवहार से आक्रोशित मेजा बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने बार अध्यक्ष देवानंद पटेल और मंत्री अतुल वैभव की अगुवाई में शुक्रवार को तहसील प्रांगण में कड़ा विरोध प्रदर्शन करते हुए यूपी के राज्यपाल को संदर्भित तीन सूत्रीय ज्ञापन पत्र एसडीएम मेजा सुरेंद्र प्रताप यादव को सौंपा, जिसमें हैदरगढ़ टोल प्लाजा कर्मियों पर दर्ज केस में जेल भेजना साथ ही एएनए के तहत कार्यवाही करने एवं टोल प्लाजा का लाइसेंस निरस्त करना, ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन लागू करना,तथा अधिवक्ताओं के लिए पूरे प्रदेश में टोल प्लाजा पर टोल टैक्स फ्री किया जाना एवं घायल अधिवक्ता का इलाज और सुरक्षा प्रदान किया जाना शामिल है। उल्लेखनीय है कि मेजा बार के आक्रोशित अधिवक्ताओं का यह विरोध प्रदर्शन तहसील प्रांगण तक ही सीमित नहीं रहा सैकड़ों की संख्या में लामबंद अधिवक्ताओं ने घटना का कड़ा विरोध करते हुए एसीपी कार्यालय होते हुए कोतवाली मेजा पहुंचे जहां पुलिस प्रशासन के विरोध में भी जमकर नारेबाजी किया। इस मौके पर अशोक पांडेय,प्रवीण यादव, विनोद पंडित, कमल नारायण, हरिश्चंद्र यादव,तेज बहादुर सिंह, दिनेश कुमार पांडेय, राघवेंद्र नाथ दुबे, राजबहादुर सिंह, सुरेंद्र मिश्रा, अनुपम कुमार मिश्र, दीप चंद्र यादव, वीरेंद्र कुमार, मनोज कांत तिवारी तथा शांति प्रसाद यादव आदि के अलावा सैकड़ों अन्य अधिवक्ता विरोध प्रदर्शन में प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# नए साल में गांव को स्वच्छ और सुंदर बनाने का ग्रामीण युवाओं ने लिया संकल्प

## नया साल नई शुरूआत स्वच्छ सुंदर गांव ही हमारी पहचान भावना की पहल के मद्देनजर सोनाई गांव के युवाओं ने श्री शिवशक्ति धाम मंदिर से किया स्वच्छता अभियान का शुभारंभ


**मेजा।** तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा सोनाई में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को लेकर वर्ष 2026 में नई शुरूआत के साथ एक सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन ॐ नमः श्री शिवशक्तिधाम से प्रेरित होकर गांव के युवाओं द्वारा गठित गांव स्वच्छता टीम ने नए साल में गांव को स्वच्छ,सुंदर और हरित बनाने का संकल्प लिया है। नया साल नई शुरूआत, स्वच्छ-सुंदर गांव हमारी पहचान ' इसी भावना के साथ टीम पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ लगातार कार्य कर रही है। वर्ष 2026 की शुरूआत से ही गांव स्वच्छता टीम ने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए अभियान को गति दी है। टीम की सक्रियता का असर अब गांव की गलियों, चौराहों और सार्वजनिक स्थलों पर साफ दिखाई देने लगा है। नियमित रूप से गांव की



नए साल में गांव को स्वच्छ बनाने की नई पहल के साथ श्री शिवशक्ति धाम मंदिर अभियान का शुभारंभ करते ग्रामीण युवा

आंतरिक सड़कों, नालियों, सार्वजनिक स्थलों, मंदिर परिसरों और जल स्रोतों की साफ-सफाई कराई जा रही है। इसके साथ ही ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व और साफ-सुथरा वातावरण बनाए रखने के लिए जागरूक किया जा रहा है। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी वर्ष 2026 से लगातार वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। सड़क किनारे, खाली पड़ी भूमि और सार्वजनिक स्थलों पर छायादार व फलदार पौधे लगाए जा रहे हैं। टीम की एक सराहनीय पहल यह है कि सदस्यों के जन्मदिन पर पौधारोपण कर शुभकामनाएं दी जाती हैं,जिससे पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन का रूप मिल सके।गांव स्वच्छता टीम ग्राम सभा सोनाई के समस्त युवाओं की एक संगठित सामाजिक इकाई है,जो निस्वार्थ भाव से गांव के सर्वांगीण विकास के लिए जुटी हुई है। टीम का लक्ष्य ग्राम सभा सोनाई को पूर्ण रूप से हरित क्षेत्र में परिवर्तित करना है, ताकि ग्रामीण स्वच्छ वातावरण में स्वस्थ, सुरक्षित और खुशहाल जीवन व्यतीत कर सकें। टीम के सदस्यों का कहना है कि वर्ष 2026 में शुरू किए गए इस अभियान को वे निरंतर आगे बढ़ाएंगे और जब तक गांव का हर घर, हर गली और हर सार्वजनिक स्थल स्वच्छ व सुंदर नहीं बन जाता, तब तक उनका प्रयास जारी रहेगा। टीम ने ग्रामवासियों से अपील की है कि वे इस जन-आंदोलन में सहभागी बनें,स्वच्छता को अपनी आदत बनाएं और पौधारोपण कर गांव को हरा-भरा बनाने में सहयोग करें। निश्चित रूप से, नए साल में शुरू हुआ का यह स्वच्छता और हरित अभियान वाले समय में क्षेत्र के अन्य गांवों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगा ।

# पवित्र मन से त्रिवेणी में डुबकी लगाने वालों के समूल नष्ट हो जाते हैं पाप : अनुराग पांडेय



**मेजा।** कुम्भधाम प्रयागराज के संगम की रेती पर सनातन परम्परा के दान, ध्यान से जुड़े मकर संक्रांति पर्व पर आस्था का जमावड़ा देखा गया। त्रिवेणी तट पर प्रकृति के संयोजन से जुड़े माघ मेले के इस अमृत स्नान पर्व पर समस्त देव, दनुज, साधू, संतों, कल्पवासियों के साथ श्रद्धालुओं का आगमन होता है। खिचड़ी व तिल दान कर सूर्य को अघ्य देना इस पर्व महात्म्य से जुड़ा हुआ है।एक शिक्षक के रूप में सेवा कार्य से जुड़े अटेवा मेजा इकाई के अध्यक्ष अनुराग पांडेय ने मकर संक्रांति पर्व पर त्रिवेणी स्नान कर इसके महात्म्य पर चर्चा करते हुए कहा कि यह पर्व सूर्य की गति से जुड़ा हुआ है। मानस में संत तुलसीदास ने कहा है कि माघ मकर रवि गति जब होई,तीरथ पतिहिं आव सब कोई। पांडेय ने कहा कि कुम्भ धाम के इस पवित्र पर्व पर खिचड़ी व तिल दान परम कल्याणकारी है। उन्होने कहा कि त्रिवेणी की डुबकी के साथ सूर्य को अघ्य देने की भी मान्यता है ।

उन्होने कहा कि यह पर्व सूर्य की गति से जुड़ा हुआ है, इसलिए सूर्य उपासना की परंपरा रही है। गंगा, यमुना व अदृश्य सरस्वती के संगम की रेती पर प्रतिवर्ष माघ मास में महीने भर धार्मिक आध्यात्मिक व सांस्कृतिक मेले के ऐतिहासिक आयोजन पूरी दुनिया के आकर्षण का केंद्र रहा है। संगम की रेती से ही सनातन संस्कृति पोषित होती रही है। रेती पर ब्रह्मा जी द्वार जन कल्याण के लिए किया गया प्रथम यज्ञ भी इसके महात्म्य की गरिमा को बढ़ाता है। मां गंगा को पाप नाशिनी व मोक्ष दायिनी बताया गया है। धमार्चार्यों की मान्यता है कि पवित्र मन से त्रिवेणी में गोते लगाने वालों के समूल पाप नष्ट हो जाते हैं। श्री पांडेय ने गंगा मैया के जयकारे लगाकर जन कल्याण की मिन्नतें मांगी।

# भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन ने प्रमुख जन जनप्रतिनिधियों की ली आवश्यक बैठक

**प्रयागराज।** फूलपुर विधानसभा के अंदावा स्थित एक गेस्ट हाउस में भारतीय जनता पार्टी काशी क्षेत्र की संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय तथा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण तथा वंदे मातरम्‌ के साथ बैठक कार्यक्रम की शुरूआत की। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि हमारा दायित्व है कि हम अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदाता सूची से जोड़े।


**नाम संशोधन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय जीवन बीमा निगम लिमिटेड की पॉलिसी संख्या 314 316 034 में भूल बस राजपती पत्नी चंद्रशेखर लिख गया है जो गलत है मेरा सही नाम पार्वतिया पत्नी चंद्रशेखर ग्राम वाले का पुरवा अफजलपुर वारी पोस्ट मोहब्बतपुर पइंसा जनपद कौशांबी है।

# लाभार्थी चयन में अनियमितता या पक्षपात पाये जाने पर होगी कठोर कार्रवाई : सीडीओ

## सीडीओ ने जन चैपाल में योजनाओं की जमीनी हकीकत परखी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दिव्या मिश्रा की अध्यक्षता में विकास खण्ड मान्धाता की ग्राम पंचायत सरायनाहरराय में जन चैपाल का आयोजन किया गया। जन चैपाल का मुख्य उद्देश्य शासन की मंशानुरूप अंतिम व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करना, जन समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराना तथा योजनाओं की धरातलीय स्थिति का भौतिक सत्यापन करना रहा। जन चैपाल में उपस्थित ग्रामीणों को राशन कार्ड से वंचित परिवारों के लिए फैमिली आईडी के महत्व की जानकारी दी गई तथा फैमिली आईडी बनवाने हेतु प्रेरित किया गया। राशन कार्ड से संबंधित मांगों पर आवेदन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी भी दी गई। इसके अतिरिक्त फार्मर रजिस्ट्री, कन्या सुमंगला योजना, पीएम सूर्यघर योजना, मनरेगा श्रमिकों के श्रम विभाग में पंजीकरण के उपरांत मिलने वाले लाभ तथा मनरेगा योजना के स्थान पर नई योजना वीबी० जी० राम जी की जानकारी भी ग्रामीणों को दी गई। सीडीओ ने ग्राम पंचायत में जिन पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड नहीं बने हैं, उनके लिए आगामी सप्ताह में विशेष शिविर आयोजित कर शत-प्रतिशत आच्छादन सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित सचिव को दिए। साथ ही ग्राम पंचायत में खराब हैंडपंपों की स्थिति की जानकारी करते हुए खण्ड विकास अधिकारी मान्धाता को तीन दिवस के भीतर सर्वे कराकर मरम्मत अथवा रिबोर की कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। प्रधानमंत्री



आवास योजना के अंतर्गत अपूर्ण आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने तथा आवास प्लस सूची में छूटे पात्र व्यक्तियों का सत्यापन कराने के निर्देश भी खण्ड विकास अधिकारी को दिए गए। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता मानकों का कड़ाई से पालन करने तथा पात्रता के आधार पर प्रत्येक व्यक्ति को योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश भी दिए गए। जन चैपाल में वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), स्वच्छ शौचालय, पात्र गृहस्थी कार्ड एवं भूमि विवाद से संबंधित मामलों की जानकारी ली गई तथा ग्रामीणों की जिज्ञासाओं का समाधान कराया गया। जन चैपाल में सीडीओ द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं बच्चों का अन्न प्रासन्न भी कराया गया। चैपाल के दौरान सीडीओ ने उपस्थित सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि सभी विकास योजनाओं का पूर्ण पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। जन चैपाल में प्राप्त शिकायतों का तीन कार्य दिवस के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुए प्रमाण सहित आख्या प्रस्तुत की जाए। लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर नियमानुसार पूर्ण कराया जाए। लाभार्थी चयन में किसी भी प्रकार की अनियमितता या पक्षपात पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी गई। समस्त अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जन चैपाल में प्राप्त सभी शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। जन चैपाल में विभिन्न विभागों द्वारा केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की संचालित योजनाओं के बारे में स्टाल भी लगाये गये। जन चैपाल में परियोजना निदेशक दयाराम यादव, उपायुक्त श्रम रोजगार संतोष कुमार सिंह, उपायुक्त स्वतः रोजगार देव कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार मौर्य, जिला प्रोवेशन अधिकारी राम बाबू विश्वकर्मा सहित अन्य जनपद स्तरीय एवं क्षेत्रीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## चलती कार बनी आग का गोला, ड्राइवर झुलसा



**बेलखरनाथ धाम।** प्रयागराज से घर लौट रहे कार में अचानक शार्ट सर्किट के चलते आग लग गई। हादसे में ड्राइवर बुरी तरह से झुलस गया जिसे जिला अस्पताल भेजा गया वहीं कार पूरी तरह जल गई।

दिलीपपुर थाना क्षेत्र के शिवगढ़ गांव निवासी सुहेल पुत्र जोहर अली स्विफ्ट डिजायर कार से बृहस्पतिवार को वह प्रयागराज से घर वापस लौट रहा था। जैसे ही वह दिलीपपुर रोड स्थित जरियारी गांव हनुमान मंदिर के पास पहुंचा कि शार्ट सर्किट से अचानक चलती कार में आग लग गई। जब तक सुहेल कुछ समझ पाता तब तक आग बेकाबू होकर कार को अपने चपेट में ले लिया।जिसमें सुहेल झुलस गया।घटना की सूचना प्रधान रामपुर इशरत अली ने डायल 112 पुलिस के साथ ही दिलीपपुर थाने पर सूचना दी। पुलिस व फायर ब्रिगेड कर्मी किसी तरह आग पर काबू पाए। घायल सुहेल को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

### महिला की पिटाई, दी तहरीर

**प्रतापगढ़।** रंजिश में मारपीट की घटना को लेकर पीड़ित महिला ने परिवार के ही दो सदस्यों के खिलाफ पुलिस से शिकायत की है। लालगंज कोतवाली के मुड़ियन का पुरवा गांव की मीना देवी पत्नी बृजेन्द्र वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसके पति रोजगार के सिलसिले में बाहर रहते हैं। वह घर पर अकेली रहती है। आरोप है कि पारिवारिक रंजिश के चलते बीती सोलह जनवरी को सुबह करीब सात बजे परिवार के एक दम्पती ने गालीगलौज करते हुए उसे मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

### पट्टी में 17 को होगा सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में तहसील पट्टी में 17 जनवरी 2026 को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जायेगा। अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील लालगंज व मुख्य राजस्व अधिकारी की अध्यक्षता में तहसील रानीगंज में सम्पूर्ण समाधान का आयोजन किया जायेगा, अन्य तहसीलों में सम्बन्धित उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जायेगा।

## अधिवक्ता की पिटाई से भड़के वकील तालाबंदी कर न्यायिक कार्य से रहे विरत



अखंड भारत संदेश

**पट्टी।** तहसील क्षेत्र के आसपुर देवसरा विकासखंड अंतर्गत डाही गांव निवासी अधिवक्ता इंद्रजीत के साथ हुई मारपीट की घटना को लेकर अधिवक्ताओं में भारी आक्रोश व्याप्त है। घटना के विरोध में सोमवार को अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में जोरदार प्रदर्शन करते हुए तहसील गेट पर तालाबंदी कर दी और न्यायिक कार्य से विरत हो गए।अधिवक्ताओं का कहना है कि अधिवक्ता के साथ इस तरह की घटना न केवल कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है, बल्कि पूरी अधिवक्ता बिरादरी का अपमान है। प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ताओं ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की।बार एसोसिएशन पट्टी के अध्यक्ष अनिल सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जब तक पीड़ित अधिवक्ता को न्याय नहीं मिलेगा और आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई नहीं की जाएगी, तब तक अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।तालाबंदी और हड़ताल के चलते तहसील में न्यायिक कार्य पूरी तरह ठप रहा, जिससे वादकारियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। अधिवक्ताओं ने प्रशासन से मांग की है कि अधिवक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## चैम्पियंन ट्राफी में महाराजगंज जौनपुर पहुंची सेमीफाइनल में

**मैच का उद्घाटन नगर पंचायत अध्यक्ष पट्टी के पुत्र अनुज जायसवाल ने किया**



अखंड भारत संदेश

**पट्टी।** मेला ग्राउण्ड में चैम्पियंन ट्राफी के पहले दिन उद्घाटन मैच खेला गया। मैच का उद्घाटन नगर पंचायत अध्यक्ष पट्टी के पुत्र अनुज जायसवाल ने करते हुए खिलाडियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल से खिलाडियों में एकता की भावना की विकास होता है।

पहला मैच रसुलहा 11 व महाराजगंज जौनपुर के बीच खेला गया। जिसमें महाराजगंज जौनपुर की टीम ने टास जीतकर पहले गेदबाजी करने का फैसला किया। रसुलहा 11 ने पहले बल्लेबाजी करते सहबान के 38 रनों की मदद से निर्धारित 12 ओवरों के मैच 116 रन बनाए। जिसके जवाब में अफीरदुल के 37 रनों की मदद से 8 ओवरों में 117 रन बनाकर यह मैच महाराजगंज जौनपुर की टीम ने जीत लिया। जिससे महाराजगंज की टीम सेमीफाइनल में प्रवेश कर गई। कमेटी के अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि शनिवार के दिन चैम्पियन ट्राफी में तीन मैच खेला जायेगा। मैच में आम्परिंग गोलू सिंह, सहबान व पंकज सिंह ने कममेंटरी रवि सिंह व अश्विनी ने किया। स्कोरिंग रवीन्द्र मिश्रा ने किया। यहां पर कमेटी के मोनू सोनू, प्रियांशू, शीतला सरोज, रोहित वर्मा, चन्दन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### उच्च न्यायालय से उमेश सिंह को तगड़ा झटका,

*जिला पंचायत सदस्य पंडित इंद्र देव तिवारी की सदस्यता बरकरार*

**पट्टी।** तहसील क्षेत्र से बड़ी राजनीतिक खबर सामने आई है। मंगरौरा तृतीय से जिला पंचायत सदस्य पंडित इंद्र देव तिवारी की सदस्यता उच्च न्यायालय के फैसले के बाद पूरी तरह सुरक्षित हो गई है। जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी उमेश सिंह द्वारा पंडित इंद्र देव तिवारी के निर्वाचन को शून्य कराए जाने के लिए दाखिल याचिका को उच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया है।उच्च न्यायालय ने मामले की सुनवाई के बाद पंडित इंद्र देव तिवारी के निर्वाचन को वैध ठहराते हुए स्पष्ट कर दिया कि उनके चुनाव में कोई अनियमितता नहीं पाई गई है। न्यायालय के इस फैसले से उमेश सिंह को बड़ा झटका लगा है, जबकि तिवारी समर्थकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।फैसले की जानकारी मिलते ही पंडित इंद्र देव तिवारी के समर्थकों ने ढोल-नगाड़े बजाकर और एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर खुशी का इजहार किया। समर्थकों का कहना है कि यह फैसला सत्य और लोकतंत्र की जीत है।उच्च न्यायालय के आदेश के बाद अब पंडित इंद्र देव तिवारी मंगरौरा तृतीय से जिला पंचायत सदस्य के रूप में अपना कार्यकाल निर्विवाद रूप से जारी रखेंगे।

## ट्रक चालक के बेटे के चयन पर खुशी



अखंड भारत संदेश

**कुंडा।** बाबागंज ब्लाक के रघुनाथपुर झींगुर निवासी कमलेश यादव पेशे से ट्रक चालक हैं।वह ट्रक चलाकर परिवार का पालन - पोषण करते हैं। उनके तीन बेटे हैं। दूसरे नंबर के बेटे पीयूष यादव का केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में चयन होने पर परिजनों में खुशी का माहौल है। शिक्षक हरी श्याम यादव ने मौके पर पहुंचकर पीयूष यादव को पुष्प माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर शुभकामना दी। शिक्षक हरीश्याम यादव ने बताया कि लगन व संघर्ष से की हुई मेहनत कभी निरर्थक नही जाती है।इस दौरान कमलेश यादव, गोविंद यादव (नेताजी), रितिक यादव, रमाशंकर यादव, रूपनाथ यादव, भीषम द्विवेदी, बच्चा यादव, अजय सरोज, कुलदीप यादव, विवेक यादव, प्रांजल यादव, हार्दिक यादव आदि सम्मानित लोग मौजूद थे।

## न्यूज झरोखा

### घर में लूट-पाट के बाद महिला की हत्या, परिवार में मातम



**पट्टी।** नगर के रायपुर रोड निवासी लोकसभा प्रेस के प्रोपराइटर कृष्ण कुमार शुक्ला की इकलौती पुत्री स्वप्निल की रायबरेली में लूट-पाट के दौरान हत्या कर दिए जाने से परिवार में कोहराम मच गया है।बताया गया कि स्वप्निल अपने पति और बच्चों के साथ रायबरेली में रहती थी। शुक्रवार को स्कूल खुलने के बाद उसके अध्यापक पति स्कूल चले गए थे, वहीं बच्चे भी स्कूल के लिए निकल गए थे। घर में स्वप्निल अकेली थी। इसी दौरान मौका पाकर लुटेरे घर में घुस आए और लूट-पाट करने के साथ उसकी हत्या कर दी।घटना की सूचना मिलते ही पट्टी में रह रहे पिता कृष्ण कुमार शुक्ला परिवार सहित रायबरेली के लिए रवाना हो गए। कृष्ण कुमार शुक्ला ने बताया कि उनकी पुत्री घर में अकेली थी और लूट के इरादे से घुसे बदमाशों ने उसकी निर्मम हत्या कर दी।

### युवती के अपहरण का केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** युवती के अपहरण की घटना को लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की पीड़िता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीते बुधवार को दोपहर करीब दो बजे उसकी इक्कीस वर्षीया पुत्री घर पर अकेली थी। आरोप है कि इसी बीच छोटा असांव गांव निवासी आरोपी सचिन वर्मा पुत्र ओमप्रकाश वर्मा वहां पहुंचा और युवती को अपहृत कर ले गया। यह भी आरोप है कि युवती साथ में घर से एक लाख के जेवरात भी उठा ले गयी। एसओ राजेन्द्र तिवारी का कहना है कि जाचं के बाद आरोपी सचिन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### मतदेय स्थलो पर विशेष अभियान 17, 18 व 31 जनवरी एवं 01 फरवरी को नये मतदाताओं के लिये सुनहरा अवसर, विशेष अभियान की तिथियों पर करें नाम दर्ज

**प्रतापगढ़।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य प्रजापति ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग ने अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर जनपद के समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियो का विशेष प्रगाढ़ (एसआईआर) पुनरीक्षण कार्यक्रम गतिमान है। उन्होने बताया है कि 6 जनवरी को विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रो की निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन किया जा चुका है, दावे एवं आपत्तियॉ 6 फरवरी तक प्राप्त की जायेंगी तथा दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण 27 फरवरी तक किया जायेगा। फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन 06 मार्च 2026 को किया जायेगा। उन्होने जनसामान्य से अनुरोध किया है कि जिनकी आयु अर्हत तिथि 01.01.2026 के आधार पर 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी हो या हो रही हो का नाम यदि निर्वाचक नामावली में सम्मिलित नहीं है तो विशेष अभियान की तिथियों क्रमशः 17 जनवरी (शनिवार), 18 जनवरी (रविवार), 31 जनवरी (शनिवर) व 01 फरवरी (रविवार) को अपने मतदेय स्थलों पर पहुॅचकर फार्म-6 भरकर अनुलग्नक-4 घोषणा पत्र के साथ वांछित अभिलेखों सहित सम्बन्धित बीएलओ के पास जमा कर सकते है तथा जिनका नाम मतदाता सूची में सम्मिलित है, उसमें यदि कोई संशोधन हो तो फार्म-8 भरकर सम्बन्धित बीएलओ के पास जमा कर सकते है। उन्होने सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों से कहा है कि अपने बूथ लेबिल एजेन्ट को निर्देशित करें कि सम्बन्धित मतदेय स्थल के बीएलओ के संरक्षण में मतदाता सूची में दृष्टिगोचर हुयी त्रुटियों इत्यादि को चिन्हित करने में सहयोग करें।

### जमीनी विवाद में मां-बेटे पर लाठी से हमला

**पट्टी।** आबादी की जमीन में निर्माण का विरोध करने पर विपक्षियों ने मां और बेटे को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित पक्ष ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। कोतवाली क्षेत्र के आसपुर देवसरा विकासखंड अंतर्गत लबेदा गांव निवासी सीमा देवी पत्नी बबलू निषाद ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि वह अपनी पुश्तैनी आबादी की जमीन पर निर्माण कार्य करा रही थीं। इसी दौरान पड़ोसियों ने निर्माण का विरोध करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी और मारपीट पर उतारू हो गए। आरोप है कि लाठी से सीमा देवी की पिटाई की गई। बीच-बचाव करने पहुंचे उनके बेटे कन्हैया निषाद को भी लाठी से पीटकर घायल कर दिया गया।पीड़िता का कहना है कि आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए मौके पर मौजूद मजदूरों को भी भगा दिया। घटना की सूचना पर पुलिस ने शिकायत दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से महिलाघायल

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के रानीपुर गांव निवासी सावित्री शुक्रवार को पट्टी तहसील मुख्यालय आ रही थीं। जैसे ही वह नारंगपुर बाजार के पास पहुंचीं, पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही सावित्री सड़क पर गिर पड़ीं और गंभीर रूप से घायल हो गईं।घटना के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्काल 108 एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस की सहायता से घायल महिला को इलाज के लिए सीएचसी पट्टी पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

### सरकारी कीमती जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत

**कुंडा।** बाघराय थाना क्षेत्र के धनवासा गाँव में सरकारी तालाब की जमीन पर दबंगों द्वारा अवैध कब्जा किया जा रहा है। पीड़ित बंशीलाल सरोज का आरोप है कि गाटा संख्या 643 ग पर पप्पू पुत्र भाई लाल, राम आसरे पुत्र सितलू, और छोटेलाल पुत्र सितलू आदि लोगों के द्वारा दबंगई से कब्जा किया जा रहा है। दबंगों द्वारा उस पर पक्का निर्माण किया जा रहा है। पीड़ित ने विरोध किया तो उक्त लोगों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी।पीड़ित का आरोप है कि स्थानीय पुलिस की निजी लालच के कारण सरकारी जमीन पर कब्जा हो रहा है। पुलिस मौके पर जाती है और काम रुकवाती है, लेकिन जैसे ही पुलिस आती है, दबंगों द्वारा फिर से कब्जा कर लिया जाता है। पीड़ित का आरोप है कि स्थानीय पुलिस की मिलीभगत से ही दबंगों द्वारा सरकारी जमीन पर कब्जा किया जा रहा है।मामले में एसडीएम के आदेश पर लेखपाल ने जांच की है। लेखपाल ने स्पष्ट रिपोर्ट में कहा है कि बंशीलाल सरोज द्वारा दिए गए शिकायती पत्र की जांच की गई । जांच में पाया गया कि गाटा संख्या 6437/1, क्षेत्रफल 0.0820 हेक्टेयर तालाब के खाते में है और विपक्षी छोटेलाल आदि द्वारा जबरन कब्जा करने की कोशिश की जा रही है। राजस्व टीम और पुलिस द्वारा मौके पर जाकर काम बंद करवाया गया था, लेकिन फिर से दबंगों द्वारा कब्जा किया जा रहा है।इससे स्पष्ट होता है कि पुलिस की भूमिका संदिग्ध है और उनके संरक्षण में ही दबंगों द्वारा सरकारी जमीन पर कब्जा किया जा रहा है। पीड़ित ने उपजिलाधिकारी कुंडा से न्याय की गुहार लगाई है और मांग की है कि अवैध कब्जे को रोकने के लिए तत्काल कार्रवाई की जाए।

## पुलिस ने चार आरोपियों को किया गिरफ्तार, चार मवेशी भी हुए बरामद

अखंड भारत संदेश




**लालगंज।** कोतवाली पुलिस ने चोरी की दो घटनाओ का पदार्फाश करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। वही पुलिस ने आरोपियो के पास से चोरी की चार मवेशियों की बरामदगी भी की है। कोतवाली के दरोगा ज्ञानचंद्र तिवारी व बनवारी लाल पाल पुलिस फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पड़री के पास से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। कोतवाल आलोक कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किये गये आरोपी लालगंज के मेढ़ावां निवासी गोलू भारती पुत्र रामअभिलाष तथा सांगीपुर थाना क्षेत्र के रंगौली निवासी नीरज भारती पुत्र छंगू, रंजीत भारती पुत्र पप्पू तथा हर्षपुर असांव निवासी रमेश कुमार वर्मा पुत्र स्व0 बैजनाथ वर्मा के पास से चोरी के चार मवेशियों की बरामदगी भी की गयी है। पूछतांछ के दौरान आरोपियो ने बीते चैदह जनवरी को पूरे रामन मेढावां तथा सरैंया थाना संग्रामगढ़ में भैंस चोरी की बात स्वीकार की। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई कर उन्हें जेल भेज दिया गया।

## नशे की गिरफ्त में युवा पीढ़ी, पान की दुकानों तक पहुंचा नशीला कारोबार

**पट्टी।** तहसील क्षेत्र में नशाखोरी का चलन लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे सबसे अधिक प्रभावित युवा पीढ़ी हो रही है। हालात यह हैं कि अब नशीले पदार्थों की बिक्री केवल छिपे ठिकानों तक सीमित नहीं रही, बल्कि पान की दुकानों जैसे आम और सार्वजनिक स्थानों पर भी आसानी से उपलब्ध हो रही है। इससे नशे का जाल तेजी से फैल रहा है और नवयुवक इसकी चपेट में आते जा रहे हैं।स्थानीय लोगों के अनुसार सिगरेट, गुटखा, तंबाकू के साथ-साथ अन्य नशीले पदार्थ चोरी-छिपे बेचे जा रहे हैं। कम उम्र के किशोर और छात्र भी इन दुकानों से नशे का सामान खरीदते देखे जा सकते हैं। नशे की लत के कारण युवाओं का ध्यान पढ़ाई और रोजगार से भटक रहा है, वहीं पारिवारिक और सामाजिक जीवन पर भी इसका नकारात्मक असर पड़ रहा है।क्षेत्र के अभिभावकों का कहना है कि पहले नशे से दूर रहने वाले युवा अब संगत और आसानी से उपलब्ध नशीले पदार्थों के कारण गलत रास्ते पर जा रहे हैं। कई परिवारों में कलह और आर्थिक तंगी की स्थिति पैदा हो रही है। इसके बावजूद संबंधित विभागों और स्थानीय प्रशासन की ओर से प्रभावी कार्रवाई न होने से नशा कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं।समाजसेवियों और जागरूक नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि पान की दुकानों और अन्य संभावित ठिकानों पर नियमित जांच अभियान चलाया जाए, अवैध नशीले पदार्थों की बिक्री पर सख्ती से रोक लगाई जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो नशे की लत आने वाली पीढ़ी के भविष्य को अंधकार में धकेल सकती है।

## आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक पर प्रतिभागी बच्चों ने साझा किये विचार

**प्रतापगढ़।** नगर स्थित हेमवती नंदन बहुगुणा महाविद्यालय में शुक्रवार को युवा संसद का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत आयोजित युवा संसद कार्यक्रम में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के निन्यान्वे विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में आपातकाल के पचास वषरू भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक, विषय पर विद्यार्थियों ने अपने विचार व्यक्त किये। निर्णायक मण्डल ने प्रतिभागी छात्र आदर्श पाण्डेय, वैभव भटट, कौशिकी सिंह, आनन्द सिंह, रीतू तिवारी, विभा चैरसिया, मीनाक्षी कोरी, श्रेया मिश्रा, हिमांशु पाण्डेय व स्वाती यादव को चयनित किया गया। बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम के क्षेत्रीय निदेशक समरदीप सक्सेना ने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए




संवैधानिक मूल्यों का पालन जरूरी है। इससे लोकतंत्र को और मजबूती मिल सकेगी। बतौर विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय सेवा योजना युवा कार्यक्रम के युवा अधिकारी राजेश तिवारी तथा एपीए विजय कुमार मिश्र ने भी अपने विचार रखते हुए लोकतंत्र के प्रति राष्ट्र की प्रतिबद्धता की बात कही। अध्यक्षता इं. जितेन्द्र त्रिपाठी ने किया। प्राचार्य डॉ0 ऋचासुकुमार ने अतिथियों का स्वागत किया और कार्यक्रम की विषय वस्तु से प्रतिभागियों को परिचित कराया। राष्ट्रीय सेवा योजना के नोडल अधिकारी डॉ0 फणीन्द्र नारायण मिश्र ने आभार जताया। इस मौके पर महाविद्यालय के शिक्षक व छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# पेट्रोल पंप से वापस लौट रहे अधिवक्ता को कार ने रौंदा मौके पर मौत

अखंड भारत संदेश

**भरवारी कौशांबी** कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी बाईपास स्थित केपीएस स्कूल के पास एक पेट्रोल पंप से बाइक में पेट्रोल भरवा कर वापस लौट रहे अधिवक्ता की बाइक में परसरा चौराहे के पास तेज गति कार ने जोरदार टक्कर मार दी है जिससे बाइक समेत अधिवक्ता सड़क पर गिर पड़े हैं और घटनास्थल पर तड़प तड़प कर उनकी दर्दनाक मौत हो गई है दुर्घटना देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई है मौके पर पहुंची पुलिस ने अधिवक्ता को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा जहां डॉक्टरों ने अधिवक्ता के मौत की पुष्टि कर दी है उसके बाद पुलिस ने अधिवक्ता के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है दुर्घटना की जानकारी मिलते ही रोते बिलखते परिजन भी पहुंच गए हैं सड़क हादसे में अधिवक्ता की मौत की जानकारी जैसे ही जनपद न्यायालय पहुंची न्यायालय का कार्य छोड़कर बार एसोसिएशन के महामंत्री तुषार तिवारी अधिवक्ता सहित तमाम अधिवक्ता जिला अस्पताल पहुंच गए हैं अधिवक्ता की सड़क हादसे में मौत होने के बाद उनके साथियों में भी गहरा दुख दिखाई पड़ा है।

जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के सिंघिया गांव निवासी सुभाष चंद्र कुशवाहा जनपद न्यायालय में अधिवक्ता है शुक्रवार को वह बाइक लेकर केपीएस स्कूल के पास पेट्रोल पंप में पेट्रोल भरवाने गए थे पेट्रोल भरवाने के बाद वह वापस कहीं जा रहे थे जैसे ही बाइक सवार अधिवक्ता परसरा चौराहे के पास पहुंचे तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दिया है जिससे अधिवक्ता बाइक समेत सड़क पर गिर पड़े और मौके पर तड़प तड़प कर उनकी मौत हो गई है दुर्घटना देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई है मौके पर पहुंची पुलिस ने अधिवक्ता को जिला अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृतक घोषित कर दिया है दुर्घटना की जानकारी मिलते ही परिवार के लोग भी रोते बिलखते मौके पर पहुंच गए हैं पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है दुर्घटना करने के बाद कार सवार मौके से फरार हो गया था बाद में पुलिस ने वाहन समेत चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी मिलते ही जनपद न्यायालय के अधिवक्ता पहुंचे जिला अस्पताल



## नगर पालिका परिषद मंझनपुर में स्थापित होगी चार महान विभूतियों की मूर्तियाँ

**कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद मंझनपुर के अध्यक्ष वीरेंद्र फौजी के प्रयास के बाद नगर पालिका के चौराहों पर महान विभूतियों की मूर्तियाँ स्थापित होने का रास्ता साफ हो गया है नगर पालिका परिषद मंझनपुर को जल्द ही दो वीरांगनाओं और दो महान महापुरुषों की मूर्तियों से सुशोभित किया जाएगा। इनमें वीरांगना ऊदा देवी, वीरांगना अवंती बाई लोधी, संत गाडगे महाराज और भगवान परशुराम जी की प्रतिमाएँ शामिल है। बीते माह नगर पालिका परिषद अध्यक्ष बीरेंद्र सरोज फौजी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर इन महान विभूतियों की मूर्तियाँ स्थापित करने की मांग रखी थी। मुख्यमंत्री ने इस प्रस्ताव को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को चारों प्रतिमाओं की स्थापना हेतु उपयुक्त स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिए है सरकार के निर्देश के बाद जल्द ही स्थल चयन की प्रक्रिया पूरी कर मूर्तियों की स्थापना का कार्य शुरु किए जाने की संभावना है। इससे न केवल नगर की सुंदरता बढ़ेगी, बल्कि नई पीढ़ी को देश की महान विभूतियों के जीवन और योगदान से प्रेरणा भी मिलेगी।

## जमीनी विवाद : दो सगे भाइयों को गोली मारी,गंभीर

**हररायपुर कौशांबी** कोखराज थाना क्षेत्र के चकमाहपुर पांडेयमऊ गांव में शुक्रवार शाम जमीनी विवाद को लेकर दो सगे भाइयों को गोली मार दी गई। गंभीर रूप से घायल दोनों भाइयों को प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल में भती कराया गया है जहां दोनों की हालत गंभीर है। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के चकमाहपुर पांडेयमऊ गांव निवासी आशीष कुमार पुत्र स्व. धारा सिंह शुक्रवार की शाम किसी काम से भरवारी गए थे। गांव लौटने पर विपक्षी पट्टीदारों ने उन्हें घेरकर पीटना शुरू कर दिया। आशीष को पिटता देख उनके बड़े भाई शिव कुमार बीच-बचाव करने पहुंचे, तो हमलावरों ने उन्हें भी पीटा।इसी दौरान हमलावरों ने तमंचे से दोनों भाइयों को गोली मार दी। आशीष को दोनों पैरों में गोली लगी है जबकि शिव कुमार के बाएं पैर में गोली लगी है। फायरिंग की आवाज सुनकर पूरे गांव में दहशत फैल गई और लोग अपने घरों में दुबक गए।वारदात की जानकारी मिलने पर कोखराज पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आनन-फानन में सरकारी जीप से घायलों को मेडिकल कॉलेज में भती कराया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें एसआरएन प्रयागराज रेफर कर दिया। आशीष महाराष्ट्र में प्राइवेट नौकरी करते हैं और हाल ही में घर आए थे। पुलिस के अनुसार, उनके परिवार का पट्टीदारों से पुराना जमीनी विवाद चल रहा है।कोखराज थाना प्रभारी चंद्रभूषण मौर्य ने बताया कि सूचना मिलते ही वह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे थे। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है। पीड़ित युवक की मां ने पुलिस को तहरीर दी है, जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कारवाई की जाएगी। घटना को लेकर गांव में तनाव का माहौल है और एहतियातन पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

## विवाहिता की हत्या करने वाले पति ससुर गिरफ्तार

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के चपहुआ गांव में 14 जनवरी को विवाहित रंजना देवी को पीट-पीट कर उसकी हत्या करने वाले उसके पति और ससुर को थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और अदालत में पेश किया है जहां से पिता पुत्र को जेल भेज दिया गया है। जानकारी के मुताबिक संदीपन घाट थाना क्षेत्र के नसीरपुर गांव की रंजना देवी की शादी 5 वर्षो पहले चरवा थाना क्षेत्र के चपहुआ गांव निवासी दिलीप कुमार पुत्र राम प्रताप के साथ हुई थी लेकिन पति दिलीप का पड़ोस की एक युवती से संबंध था जिसका रंजना विरोध करती थी और इसी विरोध के चलते 14 जनवरी को रंजना को मौत के घाट उतार दिया गय विवाहिता के भाई ब्रिजेन्द्र कुमार पुत्र रामलाल निवासी नसीरपुर थाना संदीपनघाट ने थाना पुलिस को सूचना दी कि मेरी बहन को ससुराल जनों द्वारा अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया जाता था, दहेज न मिलने पर ससुरालीजनों द्वारा मारकर रस्सी से लटका दिया गया है थाना चरवा पर मु0अ0सं0 09/26 धारा 80(2)/85 बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट पंजीकृत हुआ उपरोक्त क्रम में दिनांक 16.01.2026 थाना चरवा पुलिस ने मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित 02 वांछित अभियुक्तों पति दिलीप कुमार पुत्र राम प्रताप वा ससुर राम प्रताप पुत्र स्व0 राम कुंवारे निवासी गण चपहुआ थाना चरवा को गिरफ्तार किया है विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेजा गया है

# शिक्षा विभाग एवं समाज कल्याण विभाग के निर्माण कार्यों के प्रगति की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

### कायर्दाई संस्थाओं को निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समयबद्ध पूर्ण कराने के निर्देश

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने उदयन सभागार में शिक्षा विभाग एवं समाज कल्याण विभाग के निर्माणाधीन परियोजनाओं के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा विभाग की मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा के दौरान अपेक्षित प्रगति न पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए कायदायी संस्था सी.एन.डी.एस. को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य में प्रगति सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने मुख्यमंत्री अभ्युदय विद्यालय की समीक्षा के दौरान निर्माण कार्य में 60 प्रतिशत ही प्रगति पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए अधिशासी अभियंता, यू.पी.सी.एल.डी.एफ. को तेजी से प्रगति लाते हुए समयबद्ध निर्माण कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने निर्माण कार्य की तकनीकी जॉच कराने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कस्तूरबा गॉधी आवासीय बालिका विद्यालयों में एकेडमिक ब्लॉक एवं छात्रावास के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग ने अवगत कराया कि निर्माण कार्य 15 फरवरी तक पूर्ण करा लिया जाएगा। उन्होंने कस्तूरबा गॉधी आवासीय बालिका विद्यालयों में अतिरिक्त कक्षा-कक्ष के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा के दौरान अपेक्षित प्रगति न पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए अधिशासी अभियंता, यू.पी.सी.एल.डी.एफ. को कारण बताओ नोटिस जारी करने के साथ ही 03 सदस्यीय-अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), वरिष्ठ कोषाधिकारी व अधिशासी अभियंता लो.नि.वि. की टीम गठित कर टीम द्वारा भौतिक सत्यापन कराकर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने राजकीय आश्रम पद्यति विद्यालयों-करारी व भरसवां में ट्रॉजिट हॉस्टल आदि के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा के दौरान कायदायी संस्था को निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी को नियमित रूप से निर्माण कार्यों का पयर्वेक्षण करने के भी निर्देश दिए। उन्होने राजकीय महाविद्यालय, मूरतगंज के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा के दौरान कायदायी संस्था को निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समयबद्ध पूर्ण कराने के निर्देश दिए।




# गरीबों की योजनाओं को समाप्त करना चाहती है भाजपा : गौरव पाण्डेय

### वर्तमान भाजपा सरकार मनरेगा जैसे प्रमुख कल्याण कारी योजनाओं को समाप्त करना चाहती है

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** कांग्रेस पाटी के द्वारा चलाए जा रहे मनरेगा बचाओ महासंग्राम अभियान के तहत शुक्रवार को सिराथू विधानसभा के कोखराज ग्रामसभा में चौपाल के माध्यम से जिलाध्यक्ष कांग्रेस गौरव पाण्डेय ने बताया कि भारतीय जनता पाटी गरीबों के लिए कांग्रेस सरकार के समय चलाई गई योजनाओं को धीरे धीरे खत्म कर रही है आज किसान खाद की किल्लत और कर्ज से परेशान है निरंकुश महंगाई को जनता झेल रही है लेकिन वर्तमान भाजपा सरकार मनरेगा जैसे प्रमुख कल्याणकारी योजनाओं को समाप्त करना चाहती है इसके बाद मनरेगा कार्यक्रम को आडिर्नेटर व जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद अकरम ने बताया कि मनरेगा अधिनियम 2005 में पारित हुआ था और इसे 2 फरवरी, 2006 को पहले चरण में 200 जिलों में लागू किया गया था,फिर 2008 तक पूरे देश में विस्तार कर दिया गया, जो ग्रामीण परिवारों को 100 दिन के रोजगार की गारंटी देता है। लेकिन भाजपा सरकार को यह भी रास नहीं आ रहा है लेकिन इस योजना को बचाने के लिए हम सब संघर्ष करेंगे। तत्पश्चात जिला महासचिव सुरेन्द्र शुक्ला ने कहा कि मनरेगा योजना का उद्देश्यः ग्रामीण परिवारों को 100 दिन का रोजगार देकर उनकी आय और क्रय शक्ति बढ़ाना,और ग्रामीण बुनियादी ढांचे का विकास करना। इस लिए हम सबकी यह नैतिक जिम्मेदारी है कि यह योजना सुरक्षित रहे। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष दीपक पाण्डेय बाबू जी सेवादल जिलाध्यक्ष जमशेद अहमद मोहम्मद शारिक, तबरेज अहमद सोसल मीडिया जिलाध्यक्ष सचिन पाण्डेय, महेंद्र मिश्रा, अशोक पाण्डेय मोहम्मद मिज़ान दीपक शर्मा, संदीप कुमार, प्रिंस केशरवानी, सलमान अहमद राजू बीडीसी संतोष कुमार, प्रदीप पटेल सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



# स्वामी विवेकानंद के सपनों को सरकार करेगा हमारे भारत का युवा : मनोज प्रचारक

**कौशाम्बी।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय मंझनपुर में वित्त नियंत्रक रविन्द्र सिंह की अध्यक्षता और हरिओम सिंह प्राचार्य चिकित्सा महाविद्यालय के नेतृत्व में मुख्य वक्ता मनोज जी पूवी उत्तर प्रदेश क्षेत्र और विभाग प्रचारक ओम प्रकाश ने दीप प्रज्वलन कर गोष्ठी का शुभारंभ किया संचालन डॉ राकेश ने किया, प्राचार्य ने कहा कि अपने उज्ज्वल चरित्र से ही अपने करियर का निर्माण होता है और इससे ही हमारा देश भी महान बनेगा, शिक्षा से ही आप जीवन में सब कुछ हासिल कर सकते हैं, हमारे कॉलेज के बच्चे समाज को नई दिशा देने का कार्य करें ' वित्त नियंत्रक रविन्द्र सिंह ने कहा कि विश्व में सनातन धर्म ही सर्वश्रेष्ठ है, गुलामी के काल में सच्चा योगदान स्वामी जी ने अपने देश के लिए किया वसुधैव कुटुंबकम् की भावना हमारे देश की है। मुख्य वक्ता मनोज ने कहा जो राष्ट्र और देश विरोधी गतिविधियों को रोक कर राष्ट्र निर्माण में मोड़ दे और भारत माता की चहुंओर जय जयकार करवाने लगे वो युवा है, युवा वो है जाती, मत पंथ से ऊपर उठकर सम्पूर्ण सनातन की सेवा के कार्य में अपना जीवन लगा दे वो युवा है इसीलिए स्वामी विवेकानंद जी कहते हैं कि कि देश उठो, जागो और तब तक मत रुको,जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए।आज महान दार्शनिक,युवाओं के प्रेरणास्त्रोत और भारतीय संस्कृति को विश्व पटल पर गौरवान्वित करने वाले स्वामी विवेकानंद जी की हमारे प्रेरणा स्त्रोत है, मैं समस्त क्षेत्रवासियों,ऊर्जावान युवाओं को हार्दिक बधाई और ढेरों शुभकामनाएँ देता हूँ। स्वामी विवेकानंद जी के विचार केवल शब्द नहीं, बल्कि जीवन जीने का मार्ग हैं। उनका मानना था कि किसी भी राष्ट्र की असली शक्ति वहाँ के युवाओं के चरित्र और उनके संकल्पों में निहित होती है। आज का दिन हमें यह याद दिलाने का है कि यदि हम अपनी ऊर्जा को सही दिशा में लगाएं, तो हम न केवल अपना बल्कि अपने समाज और देश का भविष्य बदल सकते हैं। आइए, आज के इस पावन अवसर पर हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि स्वामी जी के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करेंगे, समाज में सकारात्मक बदलाव लाएंगे और एक सशक्त व आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। हमारे युवाओं का जोश,जज्बा, देशभक्ति, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा, शिक्षा के प्रति लगन, सामूहिक संगठित शक्ति जो राष्ट्र के लिए समर्पित हो वही काम आने वाली है और यही हमारी असली पूंजी है।इस कार्यक्रम में विभाग प्रचारक ओम प्रकाश, जिला प्रचारक शिव प्रसाद, संजय जायसवाल, राजेंद्र,अश्वनी ऋषभ, शिव कुमार, विजय अंतरा आकृति शिव बाबू सहित सैकड़ों प्रशिक्षु चिकित्सक उपस्थित रहे।



# चरवा थाना क्षेत्र में नही रुकी भैंस चोरी एक सप्ताह के अंदर आठ भैंस उठा ले गए चोर

**लगातार भैंस चोरी की हो रही घटनाओं से इलाके के किसानों में दहशत का माहौल है**

**कौशांबी।** भैंस चोरों को पुलिस मुठभेड़ में घायल करने के बाद पुलिस ने गिरफ्तार तो कर लिया लेकिन पुलिस मुठभेड़ में भैंस चोरों की गिरफ्तारी के बाद भी भैंस चोरी की घटना में रोक लगाती नहीं दिख रही है आखिर भैंस चोरी में कौन सा गैंग सक्रिय है जिस तक पुलिस के मजबूत हाथ नहीं पहुंच पा रहे हैं चरवा थाना क्षेत्र में एक सप्ताह के अंदर कई किसानों की भैंस चोरी हुई है बताया जाता है कि राम प्रकाश हरदुआ बुद्धू सिंह हरदुआ रामपत चरवा खुर्द कल्लू यादव हौसी समेत कई किसानों की 8 भैंस एक सप्ताह के अंदर चोरी हो गई है भैंस चोरी करने का तरीका सभी मामले में एक जैसे था आधी रात को पिकअप वाहन से भैंस चोर पहुंचे और किसानो की भैंस खोल कर चले गए प्रत्येक मामले में किसानों ने चरवा थाना पुलिस को सूचना दिए लेकिन 8 भैंस के चोरी किए जाने के बाद एक भी घटना का खुलासा एक सप्ताह में थाना पुलिस नहीं कर सकी है बताया जाता है की चोरी गई आठ भैंस की कीमत पांच लाख रुपए से अधिक है पहले भी पुलिस का ध्यान आकर्षित कराया गया था कि करारी थाना क्षेत्र के एक गांव के लोग बीते 20 वर्षों से दिन में नेतागिरी और रात में भैंस चोरी का काम कर रहे हैं लेकिन इसके बाद भी अभी तक थाना पुलिस के हाथ पेशेवर भैंस चोरों के गिरोह के गिरेहबान तक नहीं पहुंच सके हैं लगातार भैंस चोरी की हो रही घटनाओं से इलाके के किसानों में दहशत का माहौल है और थाना पुलिस की सुस्त कार्यवाही से किसानों का थाना पुलिस पर से भरोसा उठ रहा है पिकअप वाहन से रात में भैंस चोरी की घटनाओं को लगातार गिरोह के सदस्य अंजाम दे रहे हैं सुरक्षा के नाम पर पूरी सड़क पर पुलिस फोर्स रात में तैनात रहती है लेकिन उसके बाद गिरोह के सदस्य भैंस चोरी करके रात में निकल जाते हैं आखिर ड्यूटी पर लगी पुलिस रात में कहां रहती है जिससे रात में पिकअप वाहन से भैंस चोरी की घटनाओं को आसानी से गिरोह के सदस्य अंजाम देकर फरार हो रहे हैं और उन्हें रात में रोकने का प्रयास नहीं किया जा रहा है।

# पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के जन्मदिन पर गरीब मजलूम कमजोर लगभग 300 लोगों को कंबल भी दिया गया

**टेढ़ी मोड़ कौशांबी।** बहुजन समाज पाटी की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री देश की सामाजिक परिवर्तन की महानयिका लोकसभा राज्यसभा सांसद मायावती जी का 70, जन्मदिन सिराथू तहसील क्षेत्र के अट सराय गांव में ममता गौतम समाजसेवी के नेतृत्व में धूमधाम से मनाया गया उनके चित्र पर माला पहनाया गया और लंबी उम्र की कामना की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजू गौतम वरिष्ठ नेता बहुजन समाज पाटी ने पूर्व मुख्यमंत्री मायावती की लंबी आयु की कामना करते हुए कहा कि बहन जी आप जियो हजारों साल साल के दिन हो हजारों साल उन्होंने कहा कि मायावती ने अपने शासनकाल में बैकलॉग समूह ग के तहत लाखों लोगों को सरकारी नौकरी हाई स्कूल के बाद बहनों को एक साइकिल 25000 रुपए कांशीराम शहरी आवास के तहत लाखों लोगों को निशुल्क मकान अनुसूचित जाति पिछड़े समाज के लोगों को आवासीय पट्टा किसी के लिए खेती के लिए जमीन दी गई पिछड़े समाज के हक अधिकार के लिए मान्यवर कांशीराम बहन कुमारी मायावती ने मंडल कमीशन लागू करो वरना कुसी खाली करो के तहत पिछड़ों का आरक्षण दिलवाने का काम बहुजन समाज पाटी ने किया। उत्तर प्रदेश में सैकड़ो डिग्री कॉलेज सैकड़ो इंजीनियरिंग कॉलेज महापुरुषों की विरासत को जिंदा करने का काम बहन कुमारी मायावती जी ने किया महापुरुषों के नाम पर लखनऊ से नोएडा तक लगभग 25 इंटरनेशनल पार्क बना करके महापुरुषों को सम्मान देने का काम बहन कुमारी मायावती ने किया माता रमाबाई अंबेडकर के नाम से भारत रत्न डॉ बी आर अंबेडकर साहब के नाम पर मान्यवर कांशीराम साहब के नाम पर तथागत गौतम बुद्ध जी के नाम पर लखनऊ में इंटरनेशनल पार्क बनवाने का काम बहन कुमारी मायावती जी ने किया समाज सदा बहन का ऋणी रहेगा पूरे देश में जहां भी दलित पिछड़े समाज के लोग सर्व समाज के लोग सताए जाते हैं मारे जाते हैं बहन जी मजलूमों की आवाज उठाने का काम करती हैं 2027 में बहन जी की फिर सरकार बनवा दो यही जन्मदिन की असली बधाई होगी उन्होंने कहा कि 24 घंटा के अंदर अपराधी प्रदेश छोड़कर भाग जाएंगे उत्तर प्रदेश में विकास फिर से शुरू हो जाएगा मुख्य रूप से कार्यक्रम में मनोज गौतम पूर्व राष्ट्रीय महासचिव बहुजन समाज पाटी श्रीमती सुनीता रणविजय निषाद जिला पंचायत सदस्य कौशांबी मुनसब उस्मानी जिला पंचायत सदस्य कौशांबी सागर यादव सचिन केसरवानी इंद्रपाल यादव जसवंत गौतम धर्मेंद्र कुमार गौतम राजू सोनकर सुरेश कुमार यादव डॉक्टर बृजेंद्र यादव रमेश प्रजापति अनेघा सिद्धार्थ अशोक सिद्धार्थ हर्षवर्धन गौतम डा दीप गौतम कौशल कुमार देवनाथ गौतम संतोष यादव फूल सिंह यादव बांकेलाल मौर्य कार्यक्रम की आयोजन ममता गौतम आदि लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के जन्मदिन के अवसर पर गरीब मजलूम कमजोर लगभग 300 लोगों को कंबल भी दिया गया।




## न्यूज झरोखा

### जल-जमाव की निकासी के लिए समाधान सुनिश्चित करने के डीएम ने दिए निर्देश

**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने नगर पालिका परिषद मंझनपुर के सरदार पटेल नगर स्थित सांई राम मन्दिर के पास जल-जमाव की समस्या के समाधान के दृष्टिगत मौके पर भ्रमण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया जिलाधिकारी के भ्रमण के दौरान अधिशासी अधिकारी प्रतिभा सिंह ने बताया कि जल-जमाव की समस्या के समाधान के लिए नाली का निर्माण कराया जाना आवश्यक है। नाली के निर्माण कार्य में समस्या आ रही हैं। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी से कहा कि उप जिलाधिकारी से समन्वय कर जल-जमाव की निकासी के लिए समाधान सुनिश्चित किया जाय।



### सैनी चौराहे पर जाम की समस्या के समाधान के दृष्टिगत डीएम ने भ्रमण कर अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने सैनी चौराहे पर जाम की समस्या के समाधान एवं यातायात की व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाए जाने के दृष्टिगत मौके पर भ्रमण कर वस्तु स्थिति का जायजा लिया डीएम ने भ्रमण के दौरान जाम की समस्या के समाधान के दृष्टिगत उप जिलाधिकारी सिराथू एवं एन.एच.ए.आई. के अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए अतिक्रमण को हटवाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि पार्किंग के लिए चिन्हित स्थल पर ही वाहन खड़ी हों, जिससे यातायात की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित हो सकें।इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सिराथू योगेश कुमार गौड़ सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



### पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा की गई जनसुनवाई

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्वारा दिनांक 16.01.2026 को पुलिस कार्यालय में आम जनमानस की समस्याओं के निस्तारण हेतु जनसुनवाई आयोजित की गई।इस दौरान उपस्थित फरियादियों द्वारा प्रस्तुत शिकायती प्रार्थना पत्रों को ध्यानपूर्वक सुना गया तथा संबंधित प्रभारियों को त्वरित एवं निष्पक्ष कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया पुलिस अधीक्षक द्वारा यह निर्देशित किया गया कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए ताकि आमजन को शीघ्र राहत मिल सके तथा पुलिस पर जनता का विश्वास और अधिक मजबूत एवं सुदृढ़ हो।



### डीएम ने की जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक

**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने उदयन सभागार में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक की।जिलाधिकारी ने आधार प्रमाणीकरण/लम्बित डी.बी.टी. की समीक्षा के दौरान 443 बच्चों के डी.बी.टी. शेष पाए जाने पर जिला बेसिक शिक्षाधिकारी एवं सभी खण्ड शिक्षाधिकारियों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी खण्ड शिक्षाधिकारियों से कहा कि विद्यालय में अनुशासन सुनिश्चित किया जाय। मध्यान्ह भोजन के लिए निर्धारित समय के अलावा बच्चें क्लॉस में पढ़ते हुए एवं अध्यापक पढ़ाते दिखाई दें। निपुण तालिका अपडेट रखी जाय। बच्चे ड्रेस में विद्यालय आएं एवं विद्यालयों में बच्चां की उपस्थिति और बढ़ाई जाय। उन्हांने जिला पंचायतराज अधिकारी से कहा कि विद्यालय में प्रतिदिन साफ-सफाई सुनिश्चित कराई जाय।जिलाधिकारी द्वारा जानकारी प्राप्त करने पर जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने बताया कि 31 शिक्षक अनाधिकृत रूप से विगत कई दिनों से अनुपस्थित चल रहें है। उन्हांने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी द्वारा अभी तक उन शिक्षकों के विरूद्ध अपेक्षित कार्यवाही अमल में न पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को कारण बताओ नोटस जारी करने के साथ ही उन शिक्षकों के विरूद्ध अपेक्षित कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को कस्तूरबा गॉधी आवासीय बालिका विद्यालयों में रिक्त पदों पर चयन की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्हांने टीम गठित कर नगरीय क्षेत्रे के विद्यालयों में पेयजल, बाउण्ड्रीवाल, विद्युत कनेक्शन, एम.डी.एम. शेड एवं शौचालय आदि के कार्य प्राथमिकता के आधार पर करवाने के निर्देश दिए।

### मार-पीट करने वाले पिता पुत्र सहित 03 अभियुक्त 19 साल बाद पांच पांच हजार के अर्थदण्ड से दण्डित

**कौशांबी** कोखराज थाना क्षेत्र में 27 मार्च 2006 को मारपीट करने के एक मामले में 19 वर्षों बाद आरोपियों धीरज सूर्य प्रकाश व अचल को अदालत ने अपराध का दोषी पाया और पांच पांच हजार रुपए के अर्थ दंड से दंडित किया है पिता पुत्र सहित तीन लोगों ने मिलकर के एक व्यक्ति के साथ मार-पीट व जाति सूचक शब्दो का प्रयोग करते हुए गाली गलौज की थी तथा जान से मारने की धमकी दी गयी है इस सम्बन्ध में मु0अ0सं0 60/06 धारा 323/504/506 भादवि व 3(1)10 एससी एसटी एक्ट पंजीकृत हुआ विवेचना के उपरान्त आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल हुआ जिससे सम्बन्धित 03 अभियुक्तों धीरज कुमार उर्फ पप्पू पुत्र गंगा विष्णु वा सूर्य प्रकाश उर्फ डब्बू पुत्र गंगा विष्णु वा अचल कुमार पुत्र धीरज कुमार निवासीगण सहजादपुर थाना कोखराज को दिनांक 16.01.2026 को न्यायालय स्पे0 जज एससी/एसटी एक्ट जनपद कौशाम्बी द्वारा प्रत्येक अभियुक्त को 5000-5000 /- रू0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

### घर के बाहर खेल रही मंदबुद्धि किशोरी गायब, पुलिस जांच में जुटी

**अझुवा कौशाम्बी** सैनी कोतवाली के एक गांव की नाबालिग बालिका उम्र लगभग 14 वर्ष गुरुवार की शाम लगभग 6 बजे गायब हो गई,काफी समय तक जब किशोरी घर नहीं पहुंची तो परिजन तलाश में जुट गए ,काफी तलाश के बाद भी जब मंद बुद्धि किशोरी घर नहीं पहुंची तो गांव में हड़कंप मच गया परिजनों के साथ तमाम ग्रामीण खोजबीन में जुट गए परिजनों ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी पुलिस ने तत्काल संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर तलाश में जुट गई, मुकदमा दर्ज करवाकर ज्योंहि परिजन घर पहुंचे तो किशोरी गांव में ही मिल गई ।महिलाओं ने किसी प्रकार गायब होने की बात जानने की कोशिश की इस दौरान किशोरी ने गांव के ही व्यक्ति पर घर ले जाकर गलत तरीके से दुर्व्यवहार की बात कही है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस मामले की गहन छानबीन में जुट गई है।

### वारण्टी अभियुक्त को मंझनपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में थाना मंझनपुर पुलिस टीम द्वारा वाद संख्या 33/25 धारा 128 सीआरपीसी से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त देवेन्द्र उर्फ मोनू पुत्र बद्री विशाल निवासी तेरहरा थाना मंझनपुर को गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

### विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम की विशेष अभियान की तिथियॉ निर्धारित

**कौशाम्बी।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0 लखनऊ के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत दावे और आपत्तियां (फार्म-6, 7 एवं 8) प्राप्त करने की चार विशेष अभियान की तिथियॉ दिनांक 17 जनवरी 2026 (शनिवार), 18 जनवरी, 31 जनवरी एवं 01 फरवरी 2026 निर्धारित की गयी हैं। निर्धारित तिथियों में जनपद के तीनों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों (251-सिराथू, 252-मंझनपुर एवं 253-चायल) के समस्त मतदेय स्थलों पर बूथ लेविल अधिकारियों द्वारा दावे/आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी।उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद के समस्त नागरिकों से अपील की है कि आयोजित विशेष अभियान की तिथियों में अपने से सम्बन्धित मतदेय स्थलों में उपस्थित होकर आलेख्य रूप से प्रकाशित की गई निर्वाचक नामावली का अवलोकन करते हुये यदि कोई कमी प्रदर्शित हो रही है तो उस कमी को दूर करने के लिए आवश्यक (फार्म-8, घोषणा पत्र सहित) एवं नाम सम्मिलित कराने के लिए (फार्म-6, घोषणा पत्र सहित) तथा नामों के अपमार्जन के लिए (फार्म-7) सम्बन्धित क्षेत्र के बूथ लेविल अधिकारियों को प्राप्त कराया जाय।

## सम्पादकीय

### भाजपा-चीन भाई-भाई

देश को धर्मांधता और राष्ट्रवाद के जहर में डुबोकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पतंगबाजी और डमरू बजा रहे हैं। जनता को फिर भी समझ नहीं आ रहा कि मदारी जैसे खेल दिखाकर दर्शकों को असलियत से भटका देता है, वही काम भाजपा सरकार कर रही है। मदारी तो फिर भी अपनी रोजी-रोटी के लिए यह काम करता है, उसमें पेशे के प्रति ईमानदारी होती है, जो भाजपा की मौजूदा सरकार में सिरे से नदारद दिख रही है। छह साल पहले जून 2020 में गलवान घाटी पर चीन ने अतिक्रमण की कोशिश की थी और इसमें सीमा पर तैनात भारतीय सैनिकों से झड़प हुई, जिसमें कम से कम 20 जवान शहीद हुए थे। उस समय नरेन्द्र मोदी से बिहार चुनाव में बिहार रेजीमेंट के शहीद जवानों के नाम को भुनाया था। आचार संहिता कहती है कि सेना के नाम पर वोट नहीं मांगे जा सकते, लेकिन नरेन्द्र मोदी कहां आचार-विचार की परवाह करते हैं। उन्हें केवल सत्ता और मुनाफा नजर आता है। इसलिए अब जिस चीन को दुश्मन बताकर उसका आर्थिक बहिष्कार करने का ऐलान किया, लाल आंखें दिखाकर डराने का वादा किया, अब उसी चीन की सत्तारुढ़ कम्युनिस्ट पार्टी से भाजपा और संघ की बाकायदा बैठक हो रही है। इनकी निर्लज्जता और दुस्साहस अब इतना अधिक हो चुका है कि इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर दी जा रही है। भाजपा जानती है कि देश का बिका हुआ मीडिया और चापलूसी में लगे पत्रकार इस बारे में कोई आलोचना नहीं करेंगे। बल्कि अब देश को बताया जाएगा कि चीन से नजदीकी बढ़ाकर प्रधानमंत्री मोदी ने कैसे मास्टर स्ट्रोक चला है। मोदी और जिनपिंग का प्लान, ट्रंप होगा परेशान, जैसी हेडलाइन्स देखने मिलें तो आश्चर्य नहीं।

पाठकों को बता दें कि मंगलवार को भाजपा के विदेश मामलों के विभाग के प्रभारी विजय चौथाई वाले ने एक पोस्ट में जानकारी दी कि सीपीसी के अंतरराष्ट्रीय विभाग (आईडीसीपीसी) की उपमंत्री सुन हैयान के नेतृत्व में सीपीसी प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली में भाजपा मुख्यालय का दौरा किया। इस दौरान भाजपा प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व पार्टी के महासचिव अरुण सिंह ने किया। बैठक में भारत में चीनी राजदूत जू फीहोंग भी शामिल हुए। बैठक के दौरान भाजपा और सीपीसी के बीच संचार और संवाद को बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा हुई। अब ये सवाल भाजपा से पूछा जा सकता है कि आखिर वह किस हैसियत से उस देश की सत्तारुढ़ पार्टी से संचार और संवाद बढ़ाना चाहती है, जो बार-बार हमारी सीमाओं में अतिक्रमण करता है, हमारे इलाकों पर अपना दावा ठोंकता है, और जिसने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान को मदद पहुंचाई? क्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भाजपा और चीन की पार्टी के बीच हुई बैठक से नावाकिफ थे? अगर नहीं, तो पहले से इस बारे में उन्होंने देश को सूचित क्यों नहीं किया। वैसे प्रधानमंत्री मोदी से अब किसी भी किस्म की ईमानदार पहल की अपेक्षा नहीं रखनी चाहिए। क्योंकि गलवान के बाद उन्होंने कहा था कि न कोई घुसा था, न हमारी जमीन गई। जबकि तथ्य है कि चीनी सेना ने हमारी जमीन का अतिक्रमण किया है और अब उसे वापस लेने की मांग शायद भारत सरकार ने छोड़ दी है।

# स्त्रियों के प्रति कुंद होतीं जन संवेदनाएं

**कनुप्रिया**

**एक** समय था जब निर्भया के लिये पूरा देश हिल उठा था, उसके प्रति इंसाफ के लिये सड़कों पर आ गया था, सरकार को कटघरे में खड़ा कर दिया गया था। यहां तक कि कांग्रेस के सत्ताच्युत होने में निर्भयाकांड एक बड़ा कारण बन गया था, जबकि सरकार ने तुरंत उसका अपने खर्च पर इलाज कराया, आरोपियों को गिरफ्तार किया, फांसी हुई।

अभी उत्तराखंड में अंकिता भंडारी के लिये न्याय की लड़ाई लड़ी ही जा रही है, उन्नाव की पीड़िता के घाव सूखे नही हैं, हाथरस की पीड़िता के साथ हुआ अन्याय आवाज की तलाश में ही है कि कानपुर से 14 साल की लड़की के साथ बलात्कार की खबर आ गई, इस बार बलात्कारी एक यू ट्यूबर और सब इंस्पेक्टर है। सड़क से बच्ची का अपहरण करके, 2 घण्टे उसके साथ गैंगरेप करने के बाद उसे बुरी हालत में घर के बाहर फेंक दिया गया। पुलिस ने पहले तो प्राथमिकी दर्ज ही नहीं की, बाद में सीनियर पुलिस अफसर तक पीड़िता के परिजन पहुंचे तो रिपोर्ट दर्ज हुई तब तक बलात्कारी पुलिस वाला फरार हो गया।

दुःखद ये भी है कि अब ऐसी खबरें आती हैं तो हम चौंकते भी नहीं, ये हमारी चेतना को झिंझोड़ता ही नहीं। ऐसी घटनाओं का होना मानो हमारे सामाजिक दैनिक दिनचर्या में शामिल हो गया है। आप गूगल करेंगे तो हर दिन स्त्रियों, बच्चियों के प्रति जघन्य अपराध की कोई न कोई खबर मिल ही जायेगी और सबसे ऊपर जिस प्रदेश का नाम मिलेगा वो अपने आप में एक मिनी हिन्दू राष्ट्र है। वहां धर्म के सबसे बड़े ठेकेदारों की डबल इंजन सरकार है।

दरअसल पिछले 11 सालों में जिस योजना पर सरकार ने सबसे ज्यादा काम किया है वो है बलात्कारी बचाओ योजना। बल्कि जिस शिद्दत से बलात्कारियों को प्रोत्साहन दिया गया है, इसे बलात्कारी बनाओ योजना भी कहें तो अतिशयोक्ति नही होगी, दुनिया में इसकी कोई दूसरी मिसाल नहीं मिलती। बलात्कारियों के प्रोत्साहन के लिये उन्हें लगातार जमानत दी जाती है (हाल ही में बलात्कारी बाबा आसाराम को 10 महीने में चौथी बार जमानत मिली और राम रहीम को 15 वीं बार पैरोल)। जेल से बाहर आने पर बलात्कारियों का फूल मालाओं से स्वागत किया जाता है, कभी उनके पक्ष में भगवा झंडों के साथ जुलूस निकाले जाते हैं। कभी उन पर कानून की धार पूरी तरह कुंद हो जाती है, वो ऐसी मार करता है कि अपराधी को चोट ही नहीं लगती। मसलन महिला खिलाड़ियों के यौन शोषण के आरोपी बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 354 (महिला की लज्जा भंग करना) और 354ए (लैंगिक उत्पीड़न) के तहत 'चार्ज फ्रेमइ हुए, मगर जांच एजेंसियों ने उन्हें कभी गिरफ्तार ही नहीं किया, 2023 से वो जमानत पर हैं, उनकी जमानत का कभी विरोध भी नहीं हुआ। मीडिया ज्यादातर बलात्कार की घटनाओं पर चुप रहता है, चर्चा नहीं करता, मानो यह सामाजिक चिंता का विषय ही नहीं।

उधर यौन शोषण के प्रति न्यायालयों का रवैया ये है कि न्याय के लिये पीड़िताओं को न्यायालयों के खिलाफ धरना देने की नौबत आ जाती है। पिछले ही साल इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपने एक फैसले में कहा था कि किसी नाबालिग लड़की के स्तन पकड़ना, उसके पजामे की डोरी तोड़ना और कपड़े उतारने का प्रयास करना, बलात्कार की कोशिश साबित करने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। ऐसी कई शर्मनाक और महिलाओं को न्याय के लिये हतोत्साहित करती हुई टिप्पणियां पिछले कुछ सालों में विभिन्न प्रदेशों के न्यायालयों ने की हैं, जो समाज में बलात्कारियों को पर्याप्त प्रोत्साहन देती हैं।

इस सबके बाद त्रासदी ये है कि पीड़िताओं के खिलाफ ही सोशल मीडिया पर उन्हें मानसिक और भावनात्मक स्तर पर तोड़ने और उनके संघर्ष के प्रति समाज के भीतर नकारात्मक नजरिया



बनाने के लिए अभियान चलाये जाते हैं। मसलन महिला पहलवानों के खिलाफ ऐसा ही अभियान चलाया गया था कि उनका आंदोलन राजनीतिक है, उनके यौन शोषण की बात झूठ है और आरोपी बिल्कुल निर्दोष है इत्यादि इत्यादि। अब एक अभियान उन्नाव की पीड़िता के विरुद्ध चलाया जा रहा है, एआई के जरिए उनके झूठे वीडियो बनाए जा रहे हैं जिनसे जाहिर हो कि वह स्वयं एक बेशरम महिला है और उसने जानबूझ कर आरोपी कुलदीप सेंगर को फंसाया है।

तिस पर करेले पर नीम चढ़ा यह कि खुद सरकार बहादुर यौन शोषकों और बलात्कारियों के लिये वोट मांगते हैं, उनके साथ तस्वीरें खिंचवाते हैं, उनको सोशल मीडिया पर फॉलो करते हैं और उनके खिलाफ मामलों पर पूरी तरह चुप्पी मार जाते हैं। मणिपुर में महिलाओं के साथ हुए जघन्य यौन अपराधों पर सरकार ने जिस तरह खामोशी इख्तियार की उससे साबित हुआ कि सरकार किस कदर महिलाओं के प्रति संवेदनहीन है। आखिर इससे अधिक प्रोत्साहन बलात्कार को और कैसे दिया जा सकता है? एक बलात्कारी समाज बनाने में सरकार की तरफ से कोई कमी रही हो तो बताइए।

अब इतना ही बचता है कि सरकार द्वारा सार्वजनिक मंचों पर यौन शोषकों को समाज के मॉडल की तरह प्रस्तुत किया जाए ताकि युवा पीढ़ी उनसे प्रेरणा ले सके। उनके नाम पर पुरस्कार बांटे जायें, उनकी प्रशंसा में पुस्तकें लिखी जायें, सड़कों और स्कूलों के नाम उनके नाम पर रखे जायें, उन्हें पद्म सम्मान से सम्मानित किया जाये, ताकि एक सम्पूर्ण बलात्कारी समाज का लक्ष्य यथाशीघ्र प्राप्त किया जा सके, उसे उपलब्धि की तरह दिखाया जा सके।

और ये सब हो रहा है घोर सनातनी, धार्मिक सरकारों के राज में, जो हिंदू राष्ट्र बनाने का दंभ भरती हैं और मंदिरों की प्रतिष्ठा पर्व मना-मना कर ही गर्वित हुए जा रही है। धार्मिकता का आलम ये है कि धर्म के सबसे ऊंचे पायदान पर बैठे संत और बाबा लोग स्त्रियों के खिलाफ अनर्गल बयान देते हैं, जिससे उनकी गरिमा को कड़ी चोट पहुंचती है। मसलन धीरेन्द्र शास्त्री का एक शर्मनाक बयान जिसमें उसने बिना सिंदूर की मांग वाली महिलाओं को खाली प्लॉट की संज्ञा दी गई, जिस पर कोई भी कब्जा कर सकता है। बागेश्वर धाम में लड़कियों की तस्करी के आरोप लगे तो बिना जांच किये आरोप लगाने वाले प्रोफेसर के खिलाफ ही रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। बाबा अनिरुद्ध आचार्य ने अपने सत्संग में कहा कि 25 साल की लड़की 4 जगह मुंह मार चुकी होती है, बाबा प्रेमानंद का कहना है कि सौ में से अब 2-4 लड़कियों ही पवित्र होती होंगी।

ये बोल-वचन तब हैं जब देश के अधिकतर बाबाओं पर यौन शोषण के गंभीर आरोप हैं। यहां तक कि सेलिब्रिटी बाबा सद्गुरु के आश्रम में भी बच्चों के यौन शोषण के आरोप कई अभिभावकों ने लगाए हैं। मगर धर्मान्ध लोगों की सोचने-समझने की शक्ति इस कदर छीन लेता है कि फिर भी ये तथाकथित धार्मिक गुरु पूज्य बने रहते हैं। भक्तों में उनकी पद धूलि लेने के लिये ऐसी भगदड़ मचती है कि लोग दब-कुचल कर जान से हाथ धो बैठते हैं, जैसा कि हाथरस के एक गांव में सूरजपाल उर्फ 'भोले बाबा के मामले में हुआ।

सच तो ये है कि धर्म एक ऐसा गटर हो चुका है जिसमें समाज के सबसे सड़े हुए, गंदे तबके को प्राणवायु मिलती है, उसके गुनाहों को संरक्षण मिलता है। धर्म, अपराधियों और यौन शोषकों की अंतिम शरणस्थली बन चुका है, तभी तो धीरेंद्र शास्त्री की सनातन एकता यात्रा में अश्लील कंटेंट और घोटालों की आरोपी शिल्पा शेट्टी और एकता कपूर शामिल होकर स्याह से सफेद हो जाती हैं।

एक समय था जब निर्भया के लिये पूरा देश हिल उठा था, उसके प्रति इंसाफ के लिये सड़कों पर आ गया था, सरकार को कटघरे में खड़ा कर दिया गया था। यहां तक कि कांग्रेस के सत्ताच्युत होने में निर्भयाकांड एक बड़ा कारण बन गया था, जबकि सरकार ने तुरंत उसका अपने खर्च पर इलाज कराया, आरोपियों को गिरफ्तार किया, फांसी हुई और राहुल गांधी ने निर्भया के भाई को पढ़ाने लिखाने और पायलट बनाने में निजी तौर पर मदद की। मगर इन सबसे भी जनता के भीतर आक्रोश कम नहीं हुआ था।

आज उसी देश की जनता की सम्वेदनाएं स्त्रियों के प्रति मानो कुंद हो गईं, जबकि देश की जनता पहले से ज्यादा धार्मिक हैं, देश में पहले से कहीं ज्यादा मंदिर बन रहे हैं और धार्मिक प्रवचन हो रहे हैं। मगर स्त्रियों पर, मासूम बच्चियों पर यौन शोषण, बलात्कार और हत्या की खबरें आती हैं और चली जाती हैं। जनता आक्रोशित नहीं होती, मानो हिन्दू राष्ट्र के लिये स्त्रियों की अस्मिता और गरिमा की बलि स्वीकार्य है, बल्कि ऐसा होना उसने सामान्य मान लिया है।

# धार्मिक जलसों का शोर और सर्दी के सितम से मरते लोग

**अनिल जैन**

**शीतलहर,** बाढ़ और भीषण गरमी जैसी प्राकृतिक आपदाएं कोई नई परिघटना नहीं है। यह तो पहले से आती रही है और आती रहेंगी। इन्हें रोका नहीं जा सकता। रोका जा सकता है तो इनसे होने वाली जान-माल की तबाही को, जो सिर्फ राजनीतिक और प्रशासनिक तंत्र की ईमानदार इच्छाशक्ति से ही संभव है। ताजा शीतलहर और उससे होने वाली मौतें हमें बता रही हैं कि जब मौसम के हल्के से विचलन का सामना करने की हमारी तैयारी नहीं है।



सरकारी स्तर पर धार्मिक जलसों और विभाजनकारी भाषणों के बीच इस समय देश के विभिन्न इलाकों में शीतलहर कहर बरपा रही है, जिससे हर साल की तरह देश के विभिन्न इलाकों से लोगों के मरने की खबरें भी आ रही हैं। अब तक 400 से ज्यादा लोग सर्दी की ठिठुरन से मौत की नींद सो चुके हैं। वैसे इस तरह की खबरें आना कोई नई बात नहीं है। कहीं भूख और कुपोषण से होने वाली मौतें तो कहीं गरीबी और कर्ज के बोझ से त्रस्त किसानों और छोटे कारोबारियों की खुदकुशी और कहीं जातीय व सांप्रदायिक हिंसा में होने वाली मौतों के जारी सिलसिले के बीच हर साल ही सर्दी की ठिठुरन, लू के थपेड़ों और बारिश-बाढ़ से भी लोग मरते ही रहते हैं।

मौसम की अति के चलते असमय होने वाली ये मौतें हमारे उस भारत की नग्न सच्चाइयां हैं, जिसके बारे में दावा किया जाता है कि वह तेजी से विकास कर रहा है और जल्द ही दुनिया की एक आर्थिक महाशक्ति बन जाएगा। ये सच्चाइयां सिर्फ हमारी सरकारों के 'शाइनिंग इंडिया', 'भारत निर्माण' 'न्यू इंडिया' 'स्टार्टअप इंडिया', 'स्टैंडअप इंडिया' 'मैक इन इंडिया' जैसे हवा-हवाई कार्यक्रमों और दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हो जाने जैसे गुलाबी दावों की ही खिल्ली नहीं उड़ाती हैं, बल्कि व्यवस्था पर काबिज लोगों की नालायकी और संवेदनहीनता को भी उजागर करती हैं।

वैसे सर्दी हमारे नियमित मौसम चक्र का ही हिस्सा है। कड़ाके की सर्दी इसका हल्का सा विचलन भर है। सर्दी और भीषण सर्दी अंत में हमें कई तरह से फायदा ही पहुंचाती है। सबसे बड़ी बात है कि कड़ाके की सर्दी हमें आश्वस्त करती है कि ग्लोबल वार्मिंग उतनी सन्निकट नहीं है, जितना कि अक्सर हम मान बैठते हैं। मौसम की मौजूदा अति भी हमारे लिए कोई नई बात नहीं है। हर कुछ साल के बाद हमारा इससे सामना होता रहता है- कभी सर्दी में, कभी गरमी में तो कभी बारिश में।

ज्यादातर भारतीय इस मायने में खुशनसीब हैं कि उन्हें मौसम की विविधताएं देखने को मिलती हैं। अन्यथा दुनिया में ऐसे कम ही इलाके हैं जहां हर मौसम का मजा लिया जा सके। प्रत्येक मौसम अपने रौद्र रूप में भी सुंदर होता है, बशर्ते कि उसकी मार से लोगों को बचाने के इंतजामात हों। दुनिया में संभवतः भारत ही ऐसा देश है, जहां हर मौसम की अति होने पर लोगों के मरने की खबरें आने लगती है। हकीकत यह है कि लोग मौसम की अति से नहीं मरते, वे मरते हैं अपनी गरीबी से, अपनी साधनहीनता से और व्यवस्था तंत्र की नाकामी या लापरवाही की वजह से। यूरोप के देशों में सरकारें मौसम की अति का मुकाबला करने के चाक-चौबंद इंतजाम करती हैं, इसलिए वहां लोग हर मौसम का तरह-तरह से लुत्फ उठाते हैं। हमारे देश में भी खाया-अघाया तबका ऐसा ही करता है, जिसके पास हर मौसम की अति का सामना करने और उसका लुत्फ उठाने के पर्याप्त साधन उपलब्ध हैं।

भारत के ज्यादातर हिस्सों में यूरोप जैसी ठंड नहीं पड़ती, लेकिन हमारे यहां जब हिमालय परिवार की पहाड़ियों पर गिरने वाली बर्फ से मैदानी इलाकों में शीतलहर चलती है तो देश के विभिन्न इलाकों में सर्दी की ठिठुरन से होने वाली मौतों के आंकड़े आने लगते हैं। अभी जो शीतलहर जारी है, वह सिर्फ हिमालयी प्रदेशों और गंगा-यमुना के मैदानों तक ही सीमित नहीं है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और रेगिस्तानी राजस्थान के साथ ही महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और सुदूर छत्तीसगढ़ तथा ओडिशा तक ठंड से ठिठुर रहे हैं।

सर्दी के इस सितम से सामान्य जनजीवन बुरी तरह गड़बड़ा गया है। देश के विभिन्न इलाकों से बेघर लोगों के मरने की खबरें आ रही हैं। हालांकि बड़े शहरों से निकलने वाले समाचारपत्रों में अब सर्दी से होने वाली मौतों की खबरों को जगह मिलनी लगभग बंद हो गई है। कुछ साल पहले तक ऐसा नहीं था। तब अखबारों में नियमित खबरें छपती थी और हाई कोर्ट तथा सुप्रीम कोर्ट उन खबरों का संज्ञान लेकर संबंधित राज्य सरकारों और स्थानीय निकायों से जवाबतलब करते थे। उन्हें साधनहीन लोगों के उचित इंतजाम करने के निर्देश देते थे।

अब सरकारों का मीडिया प्रबंधन तंत्र ऐसी खबरों को छपने से रोकने मे सफल होने लगा है। यही वजह है कि अब कुछ गिने-चुने अखबारों में ही सर्दी से लोगों के मरने की खबरें छपती हैं। टेलीविजन चैनल तो सुबह से रात तक हिंदू-मुसलमान करने में ही व्यस्त रहते हैं। अगर थोड़ी फुरसत मिलती भी है तो उनके लिए अपने दर्शकों को यह बताना ज्यादा जरूरी होता है कि फलां अभिनेत्री कब शादी करने वाली है, फलां अभिनेत्री कब मां बनने वाली है और किस अभिनेत्री का किस अभिनेता से तलाक होने वाला है या फिर वे यह बताते हैं कि लोग सर्दी का लुत्फ लेने के लिए क्या-क्या कर रहे हैं और कहां-कहां जा रहे हैं।

सरकारी एजेंसियों की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में हर साल औसतन 800 से ज्यादा लोग सर्दी के सितम से मरते हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के मुताबिक साल 2015 में 1149 लोगों की मौत हुई थी। हकीकत यह है कि अगर समूचे भारत के आंकड़े इकट्ठे किए जाएं तो हर साल सर्दी से मरने वालों की संख्या हजारों में पहुंचती है। ज्यादातर मौतें बड़े शहरों और महानगरों में होती हैं। जो मरते हैं, उनमें से ज्यादातर बेघर होते हैं। ऐसे लोग काम की तलाश में दूरदराज के इलाकों से अपने ही राज्य में या दूसरे राज्यों के बड़े शहरों या महानगरों में जाते हैं, ताकि मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार के जिंदा रह सकने लायक कुछ कमा सकें।

मौसम कोई भी हो, जब भी उसकी अति दरवाजे पर दस्तक देती है तो हमारी सारी व्यवस्थाओं की पोल का पिटारा खुलने लगता है।

फिलहाल सर्दी की बात की जाए तो हमेशा की तरह इस बार भी सबसे ज्यादा पोल खुली है पूर्वानुमान लगाने वाले मौसम विभाग की। बारिश का मौसम खत्म होते ही हमें बताया गया था कि इस बार सर्दी कम पड़ेगी। जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग की चर्चाओं के बीच इस भविष्यवाणी पर किसी को भी हैरानी नहीं हुई थी, परन्तु जैसे ही सर्दी ने अपने तेवर दिखाने शुरू किए तो फिर मौसम विभाग की ओर से बताया गया कि यह कड़ाके की ठंड चंद दिनों की ही मेहमान है। जल्द ही मौजूदा उत्तर पश्चिमी हवाओं का रुख बदलेगा और तापमान सामान्य के करीब पहुंच जाएगा, पर ऐसा नहीं हुआ।

सिर्फ मौसम विभाग ही नहीं, बाकी सरकारी महकमों का भी यही हाल है। फुटपाथों, रेलवे स्टेशनों और भूमिगत पारपथों पर रात गुजारने वाले बेघर लोगों के लिए रैन बसेरों की व्यवस्था अभी भी कई जगह अधूरी है या बिल्कुल ही नहीं है, जबकि सुप्रीम कोर्ट पूर्व में कई बार इस मामले में राज्य सरकारों को फटकार लगाते हुए पुख्ता बंदोबस्त करने के निर्देश दे चुका है। जहां रैन बसेरों की व्यवस्था करना संभव नहीं है, वहां अलाव जलाने के लिए लकड़ी मुहैया कराई जाती है, लेकिन यह भी नहीं हो पा रहा है।

दरअसल शहरी और अर्द्ध शहरी इलाकों में मौसम की मार से लोगों के मरने के पीछे सबसे बड़ी वजह है शहरी नियोजन में सरकारी तंत्र की अदूरदर्शिता। जब से आवासीय कॉलोनियों की बसाहट के मामले में विकास प्राधिकरणों और गृह निर्माण मंडलों के बजाय निजी भवन निमार्ताओं और कॉलोनाइजरों का दखल बढ़ा है, तब से रोज कमाकर रोज खाने वालों और बेघर लोगों के लिए आवासीय योजनाएं हाशिए पर खिसकती गई हैं। करोड़ों लोग आज भी फुटपाथों, रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों पर और टाट या प्लास्टिक आदि से बनी झोपड़ियों में रात बिताते हैं।


बहुत से लोगों के पास तो पहनने को गरम कपड़े या ओढ़ने को रजाई-कंबल तो दूर तापने को सूखी लकड़ियां तक उपलब्ध नहीं है। ऐसे लोगों को मौसम की मार से बचाने के लिए अदालतें हर साल सरकारों और स्थानीय निकायों को लताड़ती रहती हैं, लेकिन सरकारीतंत्र की मोटी चमड़ी पर ऐसी लताड़ों का कोई असर नहीं होता है। शीतलहर, बाढ़ और भीषण गरमी जैसी प्राकृतिक आपदाएं कोई नई परिघटना नहीं है। यह तो पहले से आती रही है और आती रहेंगी।

इन्हें रोका नहीं जा सकता। रोका जा सकता है तो इनसे होने वाली जान-माल की तबाही को, जो सिर्फ राजनीतिक और प्रशासनिक तंत्र की ईमानदार इच्छाशक्ति से ही संभव है। ताजा शीतलहर और उससे होने वाली मौतें हमें बता रही हैं कि जब मौसम के हल्के से विचलन का सामना करने की हमारी तैयारी नहीं है और हमारी व्यवस्थाएं पंगु बनी हुई हैं, तो जब ग्लोबल वार्मिंग जैसी चुनौती हमारे सामने होगी तो उसका मुकाबला हम कैसे करेंगे?

# अमेरिकी मनमर्जी को रोकने के लिए विश्व को एक होना पड़ेगा

**उमेश चतुर्वेदी ।**

**भारत** और पाकिस्तान के बीच हुए 1965 और 1971 के युद्धों में अमेरिका में चाहे जिसकी भी सरकार रही हो, अमेरिकी सेनाओं और सरकार ने परोक्ष रूप से पाकिस्तान का साथ दिया और भारत का विरोध किया। साल 2024 में हुए बांग्लादेश में विद्रोह और शेख हसीना के तख्तापलट के पीछे भी अमेरिकी एजेंसियों के हाथ को लेकर संदेह जताया जाता है।



1995 में एक फिल्म आई थी, गैंबलर। गोविंदा-शिल्पा शेट्टी अभिनीत इस फिल्म का एक गाना उन दिनों बेहद मशहूर हुआ था, ह्लमैं चाहे ये करूं, मैं चाहे वो करूं, मेरी मर्जीह्व निश्चित तौर पर कह सकते हैं कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप ने ये गाना नहीं सुना होगा, लेकिन उन्होंने हाल ही में न्यूयार्क टाइम्स को दिए इंटरव्यू में जो कहा है, उसका भावार्थ कुछ यही निकलता है। उन्होंने कहा है, ह्लसिर्फ मेरा दिमाग ही मुझे रोक सकता है। मेरी अपनी नैतिकता और अपना दिमाग। यहीं वे चीजें हैं, जो मुझे रोक सकती हैं। मुझे अंतर्राष्ट्रीय कानून की परवाह नहीं है और न ही इसकी जरूरत।

तीन जनवरी को वेनेजुएला में की गई अमेरिकी कार्रवाई के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में ट्रंप का इन शब्दों का प्रयोग करना दुनिया के लिए निश्चित तौर पर डरावना है। ट्रंप और उनकी सोच पारंपरिक लोकतांत्रिक मुखौटाबाज राजनीति से अलग है, लिहाजा वे खुलकर ऐसा कह रहे हैं। लेकिन सुपर पावर के रूप में स्थापित होने के बाद से ही अमेरिका की सोच और कार्यशैली ऐसी ही रही है। अमेरिका की सत्ता में दो ही पार्टियों का वर्चस्व है। चाहे रिपब्लिकन पार्टी हो या फिर डेमोक्रेटिक पार्टी, दोनों के राष्ट्रपतियों की कार्यशैली कम से कम विदेश मामलों में एक जैसी ही रही है। ट्रंप खुलकर ह्यअमेरिका फर्स्टह्ण की नीति और नीयत का हवाला देते हैं, लेकिन दूसरे राष्ट्रपति ऐसा कहने से बचते रहे हैं। हां, उनके भी कदम हमेशा ऐसा ही रहे हैं। अफगानिस्तान में अमेरिकी कार्रवाई हो, खाड़ी युद्ध हो, सूडान स्थित अमेरिकी दूतावास पर आतंकी हमले के बाद अमेरिकी कार्रवाई हो, वियतनाम का युद्ध हो, ईरान पर कार्रवाई हो, हर जगह अमेरिका अपने हितों की रक्षा के लिए कार्रवाई करता रहा है। बेशक उसे कई बार मुंह की खानी पड़ी है। हाल ही में ट्रंप के पूर्व राष्ट्रपति रहे डेमोक्रेटिक पार्टी के जो बाइडन की सेनाएं अफगानिस्तान छोड़कर भाग खड़ी हुईं। वियतनाम का युद्ध लंबा चला था। इसे शुरू किया था डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी ने और जब अमेरिका वियतनाम युद्ध में फंसता नजर आया तो रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति रहे रिचर्ड निक्सन ने सेनाओं की वापसी कराई।

कुवैत पर जब इराकी तानाशाह सद्दाम हुसैन ने हमला किया, तब जार्ज बुश सीनियर राष्ट्रपति थे। अमेरिका में एक धारणा रही है कि कुवैत पर कब्जे की कार्रवाई इराकी राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन ने अमेरिकी इशारे पर ही की थी। लेकिन जब मामला उल्टा पड़ गया तो जॉर्ज बुश सीनियर ने संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रस्तावों की आड़ में ब्रिटेन, फ्रांस जैसे देशों के साथ गठबंधन करके सैनिक कार्रवाई शुरू की। 1990 में अमेरिकी कार्रवाई के चलते इराकी गार्ड को कुवैत को खाली करना पड़ा। इसके बाद इराक अमेरिका का कट्टर दुश्मन बन गया। वैसे लंबे समय तक चले ईरान-इराक युद्ध के पीछे भी अमेरिकी हित काम कर रहे थे। तब दुनिया दो धुवीय थी। एक तरफ सोवियत संघ की अगुआई में विश्व का एक बड़ा हिस्सा काम कर रहा था तो दूसरी ओर अमेरिकी अगुआई में ज्यादातर नाटो देश सक्रिय थे। अफगानिस्तान में जब पिछली सदी के अस्सी के दशक में सोवियत सेनाएं घुसीं, तब सोवियत संघ को काबू करने के लिए अमेरिकी सरकार ने पाकिस्तान का उपयोग किया और एक तरह से पाकिस्तान को अपना अघोषित उपनिवेश बना लिया।

भारत और पाकिस्तान के बीच हुए 1965 और 1971 के युद्धों में अमेरिका में चाहे जिसकी भी सरकार रही हो, अमेरिकी सेनाओं और सरकार ने परोक्ष रूप से पाकिस्तान का साथ दिया और भारत का विरोध किया। साल 2024 में हुए बांग्लादेश में विद्रोह और शेख हसीना के तख्तापलट के पीछे भी अमेरिकी एजेंसियों के हाथ को लेकर संदेह जताया जाता है। साल 2010 के दिसंबर में ट्यूनिशिया में शुरू हुई पिंक क्रांति, जिसे अरब क्रांति के नाम से भी जाना जाता है, की बुनियाद पर अरब देशों में कार्रवाई करने और तख्तापलट के पीछे भी अमेरिकी एजेंसियों के सहयोग को देखा जाता है। अमेरिकी एजेंसियों की ही शह पर लीबिया से गद्दाफी की विदाई हुई, सीरिया अब भी जल रहा है। निश्चित तौर पर अमेरिकी प्रतिकार में शीत युद्ध के दिनों में सोवियत संघ कभी प्रत्यक्ष तो कभी परोक्ष काम करता था, अब दुनिया की दूसरे नंबर की आर्थिक महाशक्ति बन चुका चीन कर रहा है। हाल ही में वेनेजुएला के जिन मादुरो की सत्ता को अमेरिकी सेनाओं ने पलट दिया, उन्हें चीन का खुला समर्थन मिल रहा था। शीत युद्ध के दिनों में सोवियत संघ और उसकी सेना ऐसे हालात में अमेरिकी सेनाओं का परोक्ष विरोध करती थी, वैसा चीन नहीं कर पाया।

कह सकते हैं कि अमेरिका में हर सत्ता ने वैश्विक ताकत क्रम में खुद को सर्वोच्च बनाए रखने के लिए अपने हिसाब से दादागिरी दिखाई है। कभी यह दादागिरी अमेरिकी हितों के नाम पर हुई तो कभी दुनिया में लोकतंत्र की स्थापना के नाम पर। कहने के लिए अमेरिका लोकतंत्र का सबसे बड़ा पहरूआ बनता है, लेकिन अमेरिकी हितों, कारोबारियों और हथियार लॉबी के हित में अक्सर वह गैर लोकतांत्रिक तरीके से कार्रवाई करता है।

# जिलाधिकारी ने किया नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण

अखंड भारत संदेश



**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने शुक्रवार को नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कर्वी का औचक निरीक्षण कर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत द्वितीय एवं तृतीय त्रैमास की गर्भवती महिलाओं के लिए संचालित निःशुल्क जांच, परामर्श एवं उपचार सेवाओं का जायजा लिया। डीएम ने केन्द्र में गर्भवती महिलाओं से उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की तथा नियमित जांच कराने के लिए प्रेरित किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गर्भवती महिला बिट्टी देवी की जांच रिपोर्ट एवं पंजीकरण कार्ड का अवलोकन किया तथा स्टाफ नर्स से प्रतिदिन के पंजीकरण की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने एएनएम को निर्देश दिए कि प्रथम त्रैमास में अनिवार्य जांच सुनिश्चित की जाए तथा हाई रिस्क प्रेगनेंसी महिलाओं की एएनएम वार सूची अद्यतन रखी जाए। स्वास्थ्य केंद्र में तैनात नोडल अधिकारी द्वारा संतोषजनक जानकारी न देने पर डीएम ने प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश सीएमओ को दिए। लक्ष्मणपुरी निवासी गर्भवती महिला चांदनी केशरवानी की आंगनबाड़ी से खाद्यान्न न मिलने की शिकायत पर डीएम ने बाल विकास परियोजना अधिकारी (शहर) को तत्काल खाद्यान्न उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। आशा कार्यकताओं को गर्भवती महिलाओं की जांच की तिथियां रजिस्टर में दर्ज कर नियमित फॉलोअप सुनिश्चित करने को कहा। डीएम ने चिकित्सक डॉ. सोनम सिंह से गर्भवती महिलाओं की विभिन्न जांचों, एनीमिया एवं हाई रिस्क प्रेगनेंसी की स्थिति की जानकारी ली। साथ ही परिसर में खड़ी पुरानी एंबुलेंसों के संबंध में कहा कि अनुपयोगी वाहनों की नीलामी कराएं तथा मरम्मत योग्य वाहनों को शीघ्र ठीक कराएं। डीएम ने प्रयोगशाला कक्ष में लैब टेक्नीशियन से जांचों एवं उपकरणों की स्थिति की भी जानकारी प्राप्त की। सीएमओ ने बताया कि नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 25 आशा, 5 एएनएम तथा एक चिकित्सक तैनात हैं। डीएम ने स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों एवं कर्मचारियों को संस्थागत प्रसव एवं मातृ स्वास्थ्य सेवाओं में जनपद की बेहतर रैंकिंग पर बधाई दी तथा अन्य स्वास्थ्य सेवाओं में भी उत्कृष्ट कार्य करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत प्रत्येक माह आयोजित होने वाले कैंप में एएनएम एवं आशा कार्यकताओं द्वारा गर्भवती महिलाओं को लाकर एमबीबीएस चिकित्सकों द्वारा जांच कराई जाती है तथा आवश्यक लैब परीक्षण किए जाते हैं, जिससे एनीमिया एवं हाई रिस्क प्रेगनेंसी की समय से पहचान कर उपचार सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने गर्भवती महिलाओं से अपील की कि वे अपने एएनएम व आशा के संपर्क में रहकर नियमित जांच अवश्य कराएं। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संतोष कुमार सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



## अवैध खनन पर शिकंजा 4 ट्रक जब्त, वसूला गया 1.51 लाख रुपए जुर्माना

**चित्रकूट।** जनपद में अवैध खनन और ओवरलोड वाहनों के खिलाफ जिला प्रशासन ने सख्त कार्रवाई शुरू की है। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के निर्देश पर खनन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने बरगढ़ थाना क्षेत्र में चार ओवरलोड ट्रक जब्त किए। इस कार्रवाई से खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया।

खनिज इंस्पेक्टर मंटू सिंह और बरगढ़ थाना पुलिस के नेतृत्व में एक संयुक्त टीम ने क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान, अवैध रूप से खनिज परिवहन कर रहे चार ओवरलोड ट्रक पकड़े गए। जांच में पुष्टि हुई कि ये सभी वाहन निर्धारित क्षमता से अधिक खनिज ढो रहे थे। टीम ने तत्काल ट्रकों को जब्त कर नियमानुसार चालान की प्रक्रिया पूरी की। प्रशासन ने इन ट्रकों पर कुल 1 लाख 51 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया, जिसे मौके पर ही वसूल कर लिया गया। कार्रवाई के बाद, कुछ चालकों ने खनिज इंस्पेक्टर पर मारपीट का आरोप लगाकर दबाव बनाने का प्रयास किया। खनिज इंस्पेक्टर मंटू सिंह ने इन आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्रवाई के दौरान उनके साथ थाना पुलिस भी मौजूद थी।

खनन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह जुमार्ना मोटर वाहन अधिनियम और खनन नियमों के तहत लगाया गया है। अवैध खनन और ओवरलोडिंग से सरकारी राजस्व का नुकसान होता है, सड़कें खराब होती हैं और दुर्घटनाओं का जोखिम बढ़ता है। खनिज इंस्पेक्टर मंटू सिंह ने पुष्टि की कि यह अभियान जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के निदेर्शों पर चलाया जा रहा है और भविष्य में भी जारी रहेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अवैध खनन, बिना वैध प्रपत्रों के खनिज परिवहन और ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस कार्रवाई का स्वागत किया है। उनका कहना है कि लंबे समय से ओवरलोड वाहनों की आवाजाही के कारण सड़कें जर्जर हो रही थीं। हादसों का खतरा बना रहता था। प्रशासन की सख्ती से अब ऐसे वाहनों पर प्रभावी अंकुश लगेगा।

## विशेष अभियान पर सभी मतदान केन्द्रों में मौजूद रहेंगे बीएलओ

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट ब्यूरो।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी पुलकित गर्ग ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार जनपद में निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन बीती छह जनवरी को विधानसभा क्षेत्र 236-चित्रकूट एवं 237-मानिकपुर के सभी मतदेय स्थलों पर करा दिया गया है। साथ ही जिन मतदाताओं का नाम निर्वाचक नामावली में नहीं दर्ज हुआ हैं व कुछ त्रुटियां है, उनसे आगामी छह फरवरी तक इस सम्बन्ध में दावे व आपत्तियों अर्थात फार्म-6, फार्म-7, फार्ग-8 इत्यादि प्राप्त किये जा रहे है।

बताया कि जिन मतदाताओं का नाम निर्वाचक नामावली में नहीं दर्ज हुआ है या कोई त्रुटि है, वह प्रत्येक कार्य दिवस में मतदान केन्द्रों पर नियुक्त पदाभिहित अधिकारियों को प्रातः 10:00 बजे से सांय 4:00 बजे तक फार्म 6, फार्म 7 व फार्म 8 भरकर दे सकते है। बताया कि आयोग के निदेर्शानुसार 17, 18 व 31 जनवरी व एक फरवरी को विशेष अभियान की तिथि निर्धारित है। जिसके तहत 17, 18, 31 जनवरी व एक फरवरी को सभी बीएलओ अपने बूथों पर आलेख्य मतदाता सूची को पढ़कर नामों का सत्यापन करेंगे साथ ही दावे व आपत्तियों अर्थात फार्म 6, फार्म-7, फार्म-8 इत्यादि को भी प्राप्त करेंगे। बताया कि मतदाता सूची आलेख्य प्रकाशन आगामी छह फरवरी तक सभी मतदान केन्द्रों पर जन सामान्य को देखने के लिए उपलब्ध है। इसके साथ ही वेब साइट पर भी मतदाता अपना विवरण दर्ज कर अपने नाम की की पुष्टि कर सकते है। कहा कि ऐसे सभी अर्ह नागरिक जो एक बीती एक जनवरी को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं, वह अपना नाम मतदाता सूची में ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन माध्यम से फार्म भरकर दर्ज करा सकते हैं। बताया कि इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए निर्वाचन कार्यालय चित्रकूट (डीसीसी) के टोल फ्री नम्बर 05198-298090-1950 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## जल सेवा आंकलन कार्यशाला सम्पन्न

**चित्रकूट।** सदर ब्लॉक सभागार में जल सेवा आकलन कार्यशाला का आयोजन कर पेयजल की गुणवत्ता की जानकारी दी गई। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए खंड विकास अधिकारी महिमा विद्यार्थी ने बताया कि जिन गांवों में पेयजल आपूर्ति शुरू हो गई है, वहां पर पेयजल आपूर्ति की स्थिति का मूल्यांकन किया जाएगा। कार्यशाला में जल सेवा आंकलन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला गया। इसी प्रकार रामनगर विकास खण्ड सभागार में भी खण्ड विकास अधिकारी ओमप्रकाश यादव की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) के सहायक अभियंता बिस्मिल्लाह, जूनियर इंजीनियर विंध्यवासिनी प्रसाद चैबे, शिवम त्रिपाठी, यूएनओपीएस के जिला सलाहकार विद्यासागर गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## पैसे वापस कराने वाली साइबर टीम को रिटायर्ड आरसेटी निदेशक ने दिया धन्यवाद




अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** बढ़ते साइबर अपराधों को रोकने व आम जनमानस को इससे राहत दिलाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के क्रम में साइबर थाना टीम द्वारा सेवानिवृत्त आरसेटी निदेशक से सीबीआई जांच का डर दिखाकर धोखाधड़ी करने के मामले में 11,50,000 रुपये उनके खाते में वापस कराए।

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि जिला मुख्यालय निवासी सेवानिवृत्त आरसेटी निदेशक आर.एस. वर्मा ने साइबर थाने में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बीती 20 नवंबर 2025 को उनके मोबाइल पर अज्ञात मोबाइल नंबर से मिनिस्ट्री ऑफ हयूमन रिसोर्सेज के नाम से कॉल आई। जिसने सिम से विभिन्न लोगो को आपत्तिजनक मैसेज करने का आरोप लगाया तथा दिल्ली पुलिस व सीबीआई जांच का डर दिखाते हुए उनके साथ धोखाधड़ी कर ली है। जिस पर थाने में अभियोग पंजीकृत किया गया। साथ ही मामले की जांच कर ठगी के रुपये साइबर पीड़ित को वापस दिलाने के लिए टीम को लगाया गया। इस मामले में प्रभारी निरीक्षक साइबर थाना रीता सिंह व उनकी टीम निरीक्षक नरेश कुमार प्रजापति, श्याम लाल गुप्ता, आरक्षी शिवम द्विवेदी व राम विलास ने त्वरित कार्यवाही करते हुए सम्बन्धित बैंक से समन्वय स्थापित किया। जिस पर पता चला कि कुल 11,50,432 रुपये संदिग्ध खाते में होल्ड कराए गए है। इसके बाद न्यायालय से आदेश के आधार पर साइबर पीड़ित के 11,50,000 रुपये उनके खाते में वापस कराए गए। ठगी के रुपये वापस मिलने पर सेवानिवृत्त आरसेटी निदेशक ने साइबर थाना टीम को धन्यवाद दिया।

## सेंट थॉमस स्कूल की दो और परम विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज के वाहन का फिटनेस मिला समाप्त



अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जनपद में सड़क दुर्घटनाओं पर कमी लाने के उ?द्देश्य से चलाए जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत शुक्रवार को एआरटीओ रामप्रकाश सिंह व पीटीओ दीप्ति त्रिपाठी ने विद्यालयों के वाहनों का भौतिक निरीक्षण कर फिटनेस जांच की। एआरटीओ व पीटीओ ने सी.पी. सिंह आवासीय विद्यालय, सेंट थामस स्कूल एवं परम विद्या मन्दिर इण्टर कॉलिज के समस्त वाहनों की जांच की। सेंट थामस स्कूल के वाहनों की जांच के दौरान दो वाहनों की आयु पूर्ण पाई गई, जिस पर विद्यालय के प्रधानाचार्य को दोनों वाहनों के पंजीयन निरस्तीकरण की कार्यवाही कराने के निर्देश दिए। परम विद्या मन्दिर इण्टर कॉलिज के एक वाहन की फिटनेस समाप्त पाए जाने पर फिटनेस कराने के निर्देश दिए। इस दौरान अधिकारियों ने वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस का निरीक्षण किया तथा यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए सड़क सुरक्षा की शपथ भी दिलाई। बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत 15 से 21 जनवरी तक अनफिट स्कूलीय वाहनों के विरूद्ध सघन चेंकिग अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने सभी विद्यालय संचालकों को निर्देश दिए कि स्कूलीय वाहनों की फिटनेस कराएं।

## 22 तक होगा फायरिंग प्रशिक्षण

**चित्रकूट।** पुलिस लाइन में आरक्षी नागरिक पुलिस का आधारभूत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 445 रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के अनुसार फायरिंग अभ्यास 17 से 22 जनवरी तक पूर्ण कराया जाएगा। जिसके लिए पुलिस लाइन्स को फायरिंग बट 17 से 22 जनवरी तक के लिए आरक्षित की गयी है। इस अवधि में पुलिस लाइन चित्रकूट क्वार्टर गार्द के पीछे स्थित फायरिंग बट के आस पास प्रातः 08:00 से शाम 06:00 बजे तक आमजन का आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। यह जानकारी देते हुए पुलिस लाइन के आर.आई. ने दी है।

## सीएम युवा योजना का अधिक से अधिक ले लाभ : एलडीएम

**चित्रकूट।** प्रदेश के युवाओं को रोजगार सक्षम और आत्मनिर्भर बनाने की दृष्टि से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश में सीएम युवा योजना विगत वर्ष के जनवरी माह में लांच की गयी थी। इस योजना का मुख्य उद्देश्य युवाओं को अपने गांव, क्षेत्र में स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना था। जिसके तहत प्रदेश भर के लगभग 1 लाख लोगों को इस योजना से लाभान्वित किया जा चुका है।

### न करें सरकारी धन का दुरुपयोग

एलडीएम अनुराग शर्मा ने बताया कि सीएम युवा योजना के तहत जनपद में भी एक वर्ष की अवधि के दौरान 1081 युवाओं को इसका लाभ दिया जा चुका है। बताया कि प्रदेश सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के पहले चरण में युवाओं को पांच लाख रुपये तक के बैंक ऋण की सुविधा बिना ब्याज, बिना मार्जिन एवं बिना किसी सिक्योरिटी के दी जा रही है। ताकि युवा आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवारिक, आर्थिक और सामाजिक स्थिति में सुधार कर उन्नयन कर सकें। उन्होंने बताया कि इस योजना में कई ऐसे प्रकरण भी सामने आ रहे है, जिनमें लाभार्थियों द्वारा ऋण एवं सब्सिडी धनराशि का दुरुपयोग किया जाना पाया गया है। बताया कि सरकारी धन के दुरुपयोग की कार्रवाई विचाराधीन है।

# अमेरिका की मिसाइलें तैयार! ईरान में कभी हो सकता है अटैक!

**अमेरिका**

**ट्रंप** ने अमेरिकी सेना को तैयार रहने के लिए कह दिया है। क्योंकि ईरान में खामिया नहीं बुनियादी मानवीय अधिकारों को कुचलने पर आमादा है। ट्रंप ने ना सिर्फ सभी सहयोगी देशों से ईरान छोड़ने की अपील की है बल्कि कुछ ने तो इस पर तैयारी भी शुरू कर दी है। इजराइल ने अपने सभी एयर डिफेंस सिस्टम को एक्टिवेट कर दिया है। कनाडा ने भी एडवाइजरी जारी करते हुए नागरिकों को ईरान छोड़ने को कहा। यह संकेत बताते हैं कि ईरान में आज रात कुछ बहुत बड़ा होने वाला है। बातचीत के सारे रास्ते बंद हो चुके हैं और ट्रंप पूरी तरह एक्शन मोड में दिख रहे हैं। अमेरिका की चेतावनी और वॉर लेवल की तैयारियों के रिपोर्ट्स को ईरान ने खारिज किया है। बल्कि ईरान में मचे बवाल का दोष अमेरिका और उसके सहयोगी देशों की एजेंसीज पर बढ़ा है। इधर अमेरिका की तैयारी दो मोर्चों पर साफ दिख रही है। एक तो ईरान में सैन्य दखल जो कभी भी फुल फ्लेज्ड अटैक की शक्ल ले सकता है और दूसरी तरफ बगावत के साथ खामने के तख्तापलट की तैयारी।

अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट एक्सओस के मुताबिक ट्रंप के विशेष प्रतिनिधि स्टीव विटकॉफ पिछले हफ्ते ईरान के निर्वासित क्राउन प्रिंस रजा पहलवी से सीक्रेट मुलाकात की। यह बैठक चुपचाप हुई और इसके बारे में कोई आधिकारिक जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई। रजा पहलवी ईरान के आखिरी शाह मोहम्मद रजा पहलवी के बेटे हैं। वो 1978 में अपने पिता के सत्ता से हटने से पहले ही ईरान छोड़ चुके थे। इसके बाद से वह ज्यादातर अमेरिका में ही रहे हैं। लेकिन अब वह भी ईरान में हो रही हिंसा का मुखर विरोध करते हुए सत्ता पर अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं।

ईरान में सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के खिलाफ दो हफ्ते से जारी विद्रोह में अब तक 2 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। यह जानकारी ईरान प्रशासन के एक अधिकारी ने न्यूज एजेंसी रॉयटर्स को दी



है। उन्होंने कहा कि इन मौतों के लिए अमेरिका जिम्मेदार है, क्योंकि उसी ने विद्रोह भड़काया है। वहीं, ब्रिटिश वेबसाइट ईरान इंटरनेशनल ने 12 हजार मौतों का दावा किया है। वहीं, डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान में प्रदर्शन कर रहे लोगों को सरकारी इमारतों पर कब्जा करने की सलाह दी। ईरान में हालात तनावपूर्ण बने रहे, लेकिन कई दिनों बाद इंटरनेट और फोन लाइनें चालू होने के बाद ईरान के लोग दुनिया से जुड़े। प्रदर्शन की वजह से संचार सेवाओं को बंद कर दिया गया था। लोगों ने कॉल कर और सोशल मीडिया के जरिए नुकसान के हालात बयां किए। वहीं, अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने ईरानी नागरिकों से कहा कि वे प्रदर्शन जारी रखें, मदद रास्ते में है। हालांकि, उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि यह मदद किस रूप में होगी। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा 'ईरानी देशभक्तों, विरोध करते रहो अपनी संस्थाओं पर कब्ज करो !' ट्रंप ने लिखा कि प्रदर्शनकारियों की हत्याएं बंद होने तक किसी भी तरह की बातचीत नहीं होगी और जिम्मेदार लोगों को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगे।

पहली बार इस संख्या को लेकर सरकारी स्तर पर संकेत मिले हैं। ईरानी सरकारी टीवी ने माना कि हालिया हिंसा में कई लोगों को देश ने खोया है। यह बयान शहीद फाउंडेशन के चीफ अहमद मौसावी के हवाले से पढ़ा गया। अमेरिकी संस्था ने दावा किया कि मरने वालों की संख्या 2 हजार से ज्यादा हो गई है।

# ग्रीनलैंड पर फिर बोले ट्रंप, कहा - इससे कम कुछ भी मंजूर नहीं

**अमेरिका**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को ग्रीनलैंड पर अमेरिकी नियंत्रण के लिए अपने दबाव को और भी तीखे अंदाज में दोहराया और आर्कटिक द्वीप को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए प्रस्तावित गोल्डन डोम मिसाइल रक्षा प्रणाली का एक अहम हिस्सा बताया। उनके इन बयानों से वाशिंगटन में होने वाली उच्च स्तरीय वार्ता से पहले डेनमार्क और ग्रीनलैंड के साथ तनाव बढ़ गया है।

बुधवार तड़के सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में ट्रंप ने कहा कि अमेरिका को गोल्डन डोम हवाई और मिसाइल रक्षा नेटवर्क के निर्माण और संचालन के लिए ग्रीनलैंड की आवश्यकता है, जिसे उन्होंने अमेरिकी धरती की रक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने आगे कहा कि अगर ग्रीनलैंड अमेरिकी



नियंत्रण में होता तो नाटो कहीं अधिक शक्तिशाली और प्रभावी होता और इस बात पर जोर दिया कि ह्लइससे कम कुछ भी अस्वीकार्य है। ट्रम्प ने यह भी दावा किया कि नाटो को बहुस्तरीय मिसाइल रक्षा प्रणालियों के विकास में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए और चेतावनी दी कि यदि अमेरिका नेतृत्व नहीं करता है, तो रूस या चीन जैसी प्रतिद्वंद्वी शक्तियां ऐसा कर सकती हैं।

ट्रम्प के ये बयान ऐसे समय आए हैं जब डेनमार्क और ग्रीनलैंड के विदेश मंत्री व्हाइट हाउस में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वैंस और विदेश मंत्री मार्को रुबियो से मुलाकात की तैयारी कर रहे थे। इन वार्ताओं का उद्देश्य रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस क्षेत्र पर नियंत्रण की ट्रम्प की मांग को लेकर बढ़ते विवाद का समाधान करना है। डेनमार्क और ग्रीनलैंड ने संप्रभुता सौंपने के विचार को दृढ़ता से खारिज कर दिया है और इस बात पर जोर दिया है कि ग्रीनलैंड का भविष्य वहां की जनता द्वारा और अंतरराष्ट्रीय कानून के दायरे में तय किया जाना चाहिए। अमेरिकी नियंत्रण की मांग की आलोचना न केवल डेनमार्क और ग्रीनलैंड के नेताओं ने की है, बल्कि यूरोपीय सहयोगियों ने भी की है।

# सऊदी अरब, यूएई और कतर के अमेरिकी बेस...ट्रंप के एक्शन से पहले ही तगड़ा रिएक्शन दिखाने वाला है ईरान?

**ईरान**

**ईरान** ने अमेरिकी सैनिकों की मेजबानी करने वाले पड़ोसी देशों को चेतावनी दी है कि अगर संयुक्त राज्य अमेरिका ईरान में चल रहे विरोध प्रदर्शनों में हस्तक्षेप करने की अपनी धमकी को अंजाम देता है, तो वह अमेरिकी ठिकानों पर जवाबी कार्रवाई करेगा। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट में उद्धृत तीन राजनयिकों ने कहा कि कुछ कर्मियों को क्षेत्र में स्थित मुख्य अमेरिकी हवाई अड्डे को छोड़ने की सलाह दी गई थी, हालांकि सैनिकों की बड़े पैमाने पर निकासी के तत्काल कोई संकेत नहीं थे, जैसा कि पिछले साल ईरानी मिसाइल हमले से कुछ घंटे पहले देखा गया था। अपुष्ट घटनाक्रम ईरान में व्यापक विरोध प्रदर्शनों के बीच सामने आए हैं, जिसके चलते राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व



वाली अमेरिकी सरकार ने हस्तक्षेप की चेतावनी जारी की है।

ईरान वर्षों में अशांति की सबसे गंभीर लहर का सामना कर रहा है, क्योंकि गिरती अर्थव्यवस्था और बढ़ती कीमतों से प्रेरित विरोध प्रदर्शन अब सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के नेतृत्व वाले इस्लामी गणराज्य के धार्मिक शासन को उखाड़ फेंकने की खुली मांगों में तब्दील हो गए हैं। एक मानवाधिकार समूह के अनुसार, अब तक के सबसे बड़े विरोध आंदोलनों में से एक पर ईरानी शासन की कार्रवाई में लगभग 2,600 लोग मारे गए हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कई बार धमकियां जारी की हैं और ईरान में हो रहे प्रदर्शनों में अमेरिकी हस्तक्षेप की चेतावनी दी है।

# खामेनेई के लिए आखिरी भूल साबित होगी 26 साल के युवक की बीच चौराहे पर फांसी?

**ईरान**

**खामनेई** ने क्रांति की आवाज उठाने वालों को फांसी देना शुरू कर दिया है। आज 14 जनवरी को इस क्रांति के बीच पहली फांसी होने वाली है। यह ईरान की क्रांतिकारी आवाम को डराने की आखिरी कोशिश है। लेकिन सवाल यह है क्या यह कदम खलीफा के तख्ता पलट का आखिरी कदम साबित होगा? खलीफा की कट्टरपंथी फौज ने उसे 8 जनवरी को गिरफ्तार किया था और तीन दिन के अंदर उन पर आरोप तय करके कल उन्हें सूली पर चढ़ा दिया जाएगा। लेकिन इरफान को जिस तरह फांसी की सजा दी जा रही है उससे खलीफा के खिलाफ एक नई बगावत की शुरूआत हो सकती है। इरफान सुल्तानी को मोहरीब कानून के तहत ही फांसी दी जा रही है। उन्हें 8 तारीख को गिरफ्तार किया गया। उनके परिवार को यह तक नहीं बताया गया कि उन्हें किस एजेंसी ने गिरफ्तार किया। इसके बाद 3 दिन के अंदर सुनवाई पूरी करके उन्हें 11 जनवरी को मौत की सजा सुना दी गई। दावा किया जा रहा है कि उन्हें ना तो वकील दिया गया ना ही सुनवाई के दौरान कुछ बोलने का मौका दिया गया।

ट्रायल के बाद उन्हें परिवार से सिर्फ 10 मिनट के लिए मिलने दिया गया। परिवार को यह बताया गया कि सजा अंतिम है और तय समय पर दी जाएगी। सुल्तानी की बहन खुद मान्यता प्राप्त वकील हैं। लेकिन इसके बावजूद उन्हें केस की फाइल देखने या अपने भाई की पैरवी करने की अनुमति तक नहीं दी गई है। दावा तो यहां तक किया जा रहा है।

# ईरान पर कभी भी हो सकता है अमेरिकी हमला

**ईरान**

**क्या** ईरान में कभी भी अमेरिकी हमला हो सकता है? यह सवाल इसलिए उठा है क्योंकि अमेरिका ने कतर में अमेरिकी सैन्य बेस से अपने कर्मचारियों को निकलने की सलाह दी है वहीं भारत सरकार ने भी ईरान में रह रहे अपने नागरिकों को स्पष्ट शब्दों में कहा है कि हालात तेजी से बिगड़ रहे हैं, इसलिए भारतीय नागरिक बिना देरी किए ईरान छोड़ दें। भारतीय दूतावास ने अपने नागरिकों से अपील की है कि वे भीड़भाड़ वाले इलाकों से दूर रहें और उपलब्ध व्यावसायिक उड़ानों के माध्यम से जल्द से जल्द भारत लौटने की योजना बनाएं। छात्रों, व्यापारियों और पर्यटकों को विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया है। भारतीय दूतावास का कहना है कि मौजूदा हालात में सुरक्षा की गारंटी देना मुश्किल होता जा रहा है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने भारतीयों के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी कर दिये हैं। वहीं, कतर के अल उदैद एयर बेस पर तैनात कुछ अमेरिकी सैन्य कर्मियों को आज शाम तक क्षेत्र छोड़ने की सलाह दी गई है। यह कदम ईरान के साथ बढ़ते अमेरिकी तनाव और मध्य-पूर्व में संभावित सैन्य कार्रवाई की आशंकाओं के बीच उठाया गया है। हम आपको बता दें कि अल उदैद एयर बेस



मध्य-पूर्व में अमेरिका का सबसे बड़ा सैन्य अड्डा है जहां लगभग 10,000 सैनिक तैनात हैं। देखा जाये तो अमेरिका ने यह कदम सतर्कता के नजरिये से उठाया है। हम आपको याद दिला दें कि पिछले साल जून में ईरान पर अमेरिकी हवाई हमलों से पहले भी अमेरिका ने अपने कुछ सैनिकों और उनके परिवारों को मध्य-पूर्व के बेसों से हटाया था। अमेरिका के हवाई हमले के बाद ईरान ने जवाब में कतर स्थित इसी एयर बेस पर मिसाइल हमला भी किया था।

वहीं ईरान के हालात की बात करें तो आपको बता दें कि विरोध प्रदर्शनों की शुरूआत भले ही आर्थिक परेशानियों के मुद्दे पर हुई हो, लेकिन अब यह आंदोलन राजनीतिक बदलाव की मांग में बदल चुका है। कई शहरों में प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच हिंसक झड़पों की खबरें सामने आई हैं। हालात पर काबू पाने के लिए सरकार ने इंटरनेट और संचार सेवाओं पर सख्त पाबंदियां लगा दी हैं।

# तुरंत तेहरान छोड़ दें... इधर रूबियो ने जयशंकर को फोन घुमाया, उधर झट से भारत ने ईरान पर बड़ा अलर्ट जारी कर दिया

**ईरान**

**ईरान** में सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के खिलाफ दो हफ्ते से जारी विद्रोह में अब तक 2 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं ईरान को लेकर अमेरिका की तरफ से रोज नई चेतावनी आ रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरानी नागरिकों से कहा कि वे प्रदर्शन जारी रखें, मदद रास्ते में है। हालांकि, उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि यह मदद किस रूप में




होगी। ट्रंप ने साफ कहा है कि प्रदर्शनकारियों की हत्याएं बंद होने तक किसी भी तरह की बातचीत नहीं होगी और जिम्मेदार लोगों को इसकी भारी कीमत चुकानी होगी। अमेरिकी के इन बयानों के बाद से ही कहा जा रहा है कि कभी भी ईरान पर कोई बड़ा ऑपरेशन देखने को मिल सकता है। इन सब के बीच भारत ने भी एक बड़ा कदम उठा लिया है।

# नाटो सपने में भी भारत जैसा नहीं कर पाएगा, EU की सीक्रेट रिपोर्ट पूरे यूरोप के होश उड़ाए

**यूरोप**

**यूरोपीय** यूनियन इस समय भारत की फॉरेन पॉलिसी पर बकायदा स्टडी कर रहा है। इतना ही नहीं एक रिपोर्ट भी पब्लिश की गई है जिसमें यूरोप खुद मान रहा कि भारत अमेरिका रूस ब्रिक्स, जी20, और ग्लोबल साउथ सबके साथ एक साथ कैसे चल पा रहा है। यह यूरोप के लिए अब एक पहेली बन चुका है और इसी बीच भारत और चीन ने वेनेजुएला के तेल बाजार में बड़ी एंट्री मार दी है जिससे अमेरिका का टोन तक बदलता हुआ दिख रहा है। दरअसल दुनिया के ऑयल मार्केट में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। लंबे समय बाद वेनेजुला का कच्चा तेल अंतरराष्ट्रीय बाजार में लौटने जा रहा है। आपको याद होगा अमेरिकी प्रतिबंधों की वजह से वेनेजुला का तेल लगभग बाजार से गायब था। लेकिन अब हालात बदल रहे हैं।

दुनिया की दो सबसे बड़ी कमोडिटी ट्रेंडिंग कंपनियां और ट्रेफिग्रा ने भारत और चीन की रिफाइनरियों से बातचीत शुरू कर दी है ताकि मार्च से वेनेजुला का तेल सप्लाई किया जा सके। इन कंपनियों को अमेरिकी सरकार से विशेष अनुमति मिली है कि वेनेजुला के तेल की मार्केटिंग तक कर सकें। यानी जो तेल सालों से गोदामों में फंसा था अब वह कानूनी तरीके से जहाजों में लोड होगा। अब भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक देश है और सस्ता तेल मतलब सीधा फायदा। बताया जा रहा है कि वेनेजुला का तेल ब्रिंड क्रूड से 8 से 8.5 प्रति बैरल सस्ता ऑफर किया गया है। इसलिए इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन हिंदुस्तान पेट्रोलियम



इस डील में गहरी दिलचस्पी दिखा रहे हैं। अब चीन की सरकारी कंपनी पेट्रो चाइना जो पहले वेनेजुला का बड़ा ग्राहक थी अब दोबारा मैदान में उतरने की तैयारी में है। खास बात है कि इस बार डील छोटे प्राइवेट रिफाइनियों से नहीं सीधे सरकारी कंपनियों से की जा रही है। यानी अब तेल की सप्लाई छुपे रास्तों से नहीं खुले और वैध तरीके से होगी। यह दिखाता है कि अमेरिका खुद अब वेनेजुला को पूरी तरह अलग-थलग नहीं रखना चाहता है।

इसका असर ग्लोबल ऑयल प्राइस पर पड़ेगा। ईरान सप्लाई में रुकावट के बीच वेनेजुला का तेल कीमतों को काबू में रख सकता है। यानी दुनिया को थोड़ी राहत। अब आते हैं दूसरी बड़ी खबर पर। साल 2025 में यूरोपीय यूनियन ने भारत की विदेश नीति पर एक विस्तृत रिपोर्ट जारी की। इस रिपोर्ट का सबसे बड़ा निष्कर्ष था कि भारत ने स्ट्रेटेजिक ऑटोनोमी को पैसिव नहीं एक्टिव बनाया है। ईयू मानता है कि भारत किसी एक गुट में नहीं बंधा है। ना अमेरिका का जूनियर पार्टनर है। ना रूस या चीन के दबाव में है। भारत की नीति है एक्टिव मल्टी एलाइनमेंट यानी अमेरिका से टेक्नोलॉजी, ब्रिक्स से ग्लोबल साउथ और ऋ20 से ग्लोबल गवर्नेंस सब कुछ एक साथ।


**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा

# 16 साल की लड़की से गैंगरेप, तभी बचाने के लिए पहुंचे 200 सिख

**● हौंसलो में हुई यह घटना सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है, क्योंकि बचाव अभियान का एक वीडियो भी सामने आया है। फुटेज में आरोपी को घंटों चले प्रदर्शनों के बाद पुलिस वैन में ले जाते हुए देखा जा सकता है। इन प्रदर्शनों में लड़की के माता-पिता भी मौजूद थे।**

**लंदन**

**पश्चिमी** लंदन में सिख समुदाय के 200 से अधिक सदस्य एक 16 वर्षीय लड़की को बचाने के लिए एकजुट हुए, जिसे कथित तौर पर एक पाकिस्तानी यौन शोषण गिरोह ने अगवा कर लिया था। घंटों चले प्रदर्शनों के बाद आरोपी को पुलिस हिरासत में ले लिया गया और लड़की को उसके परिवार से मिला दिया गया। सिख प्रेस एसोसिएशन की एक रिपोर्ट के अनुसार, आरोपी, जिसकी उम्र 30 वर्ष के आसपास बताई जा रही है और जो पश्चिमी लंदन के हाउन्सलो इलाके में 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से संदिग्ध रूप से दोस्ती करने के लिए जाना जाता है, ने सिख लड़की के साथ तब संबंध बनाना शुरू किया जब वह लगभग 13 वर्ष की थी। हौंसलो में हुई



यह घटना सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है, क्योंकि बचाव अभियान का एक वीडियो भी सामने आया है। फुटेज में आरोपी को घंटों चले प्रदर्शनों के बाद पुलिस वैन में ले जाते हुए देखा जा सकता है। इन प्रदर्शनों में लड़की के माता-पिता भी मौजूद थे।

30 दिसंबर, 2025 को, सिख समुदाय के एक समूह, एके मीडिया 47 ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें उसके नेता, जस्सा सिंह, कथित तौर पर अफगान मुस्लिम पृष्ठभूमि के एक व्यक्ति का सामना करते हुए दिखाई दे रहे हैं। एक पड़ोसी ने उसे एक युवा लड़की के साथ घिनौने संबंध में फंसा हुआ "बदमाश आदमी" बताया और कहा कि उसने उसे लगभग 12 साल की दिखने वाली एक अन्य लड़की के साथ देखा था।

सिख प्रेस एसोसिएशन के अनुसार, लड़की को 16 साल की उम्र में उसके परिवार से घर छोड़ने के लिए बहला-फुसलाया गया था, जिसमें आम तौर पर इस्तेमाल होने वाले यौन शोषण के हथकंडे अपनाए गए थे। पुलिस अब तक मदद करने में असमर्थ रही है, क्योंकि आरोपी ने कानूनी खामियों का फायदा उठाया है।

सिख समुदाय के समूहों ने उसे बचाने के लिए कदम उठाया। हौंसलो में 20 माध्यमिक विद्यालय हैं, और हजारों बच्चे रोजाना आरोपी के घर के पास से गुजरते हैं। ब्रिटेन स्थित सिख समूहों, जिनमें सिख यूथ यूके भी शामिल है, ने पिछले साल बढ़ते मामलों से निपटने के लिए आपातकालीन सेमिनार आयोजित करने के बाद, यौन शोषण के मामलों की राष्ट्रव्यापी जांच शुरू की है। रिपोर्टों से पता चलता है कि कमजोर सिख लड़कियों को अक्सर ऐसे रिश्तों में फंसाया जाता है जो शुरू में तो दोस्ती के तौर पर शुरू होते हैं, लेकिन इसके लिए "लव बॉम्बिंग", धमकाने या हेरफेर जैसी तरकीबों का इस्तेमाल किया जाता है।